
आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 89 | उज्जैन, बुधवार 15 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### गैंगवार...




धर्मनगरी में आपराधिक तत्वों का बोलबाला धीरे-धीरे बढता जा रहा है। मालवा के हृदयस्थल की शांत तासीर को आपराधिक तत्व बराबर खून से सरोबार करने के लिए उतावले और निडर दिखाई दे रहे हैं। इन्हें न कानून का खौफ है और न ही वर्दी का भय। पिछले चार दिनों में जिस तरह के विडियो सोश्यल मिडिया पर सामने आए हैं उससे इस बात की पुष्टि हो रही है। दो गोलीकांड में दो युवकों का घायल होना । एक घर में आग लगाना। खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन किया जाना। उसके बाद एक गोली कांड में षडयंत्र उजागर होना। इससे यह तय हो रहा है कि कहीं न कहीं ये सभी आर्थिक स्पर्धा में शामिल हैं और इनके हित प्रभावित हो रहे हैं जिसके कारण इनकी प्रतिस्पर्धा है। वर्दी ने अपने धर्म को निभाते हुए पूरे मामले में मुस्तैदी के साथ काम को अंजाम देते हुए इन आपराधिक तत्वों को इन्हीं के जाल में घेर दिया है । इस पूरे मसले में एक बात और उभरकर सामने आ रही है कि धीरे-धीरे ये अपनी संख्या बढाने के लिए पैंतरों के तहत एक दुसरे की दुश्मनी निकालने के लिए साथ देते हुए उसे अपने साथ ले रहे हैं जिससे की सामान्य विवाद का युवक भी इनमें से एक गैंग की तरफ अपराध में उलझकर इनकी गैंग की संख्या वृद्धि में अपना नाम दे रहा है। खुसूर-फुसूर है कि 4 दशक पूर्व ऐसे ही पैंतरों से देश की आर्थिक राजधानी में भी गैंग वृद्धि की गई। सामान्य मामलों के विवाद में युवकों को धीरे-धीरे आपराधिक मामलों में शामिल किया गया। एक के बाद एक युवक जुडते गए और इनमें से ही कुछ बडे अपराधी देश के लिए ही नासुर बन गए । वहां वर्दी को इसके खात्में के लिए बाद में काफी मशक्कत करना पडी थी। इससे पहले की धर्म नगरी की शांत फिंजा में आपराधी जहर घोले कहानी के अंत के लिए वर्दी को यदा-यदा ही धर्मस्यङ्खका पाठ पढना शुरू कर देना चाहिए।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**उज्जैन।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में टावर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण किया गया। यह आयोजन शहर कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार और मुकेश भाटी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद सत्यनारायण पवार, पूर्व प्रदेश महामंत्री व वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय और चंद्रभान सिंह चंदेल ने उपस्थितजनों को संबोधित किया।

माल्यार्पण कार्यक्रम में सभी ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक लाला, संचित शर्मा, बबलू खींची, दुर्गेश धवन, आनंद मीणा और रहीम लाल नेता उपस्थित थे। साथ ही बैरवा समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष व सचिव सतीश मरमट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र गोसर और हेमंत गोमें ने भी बाबा साहब को नमन किया।

आयोजन में पार्षद परमानंद मालवीय, छोटेलाल मंडलोई, सपना सांखला, ओम रामी, आईटी सेल अध्यक्ष कृष्णा यादव, अर्पण राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राहुल लोट, अजीत सिंह ठाकुर, महेश सोलंकी और बाबूलाल गोठवाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रैंडिंग




---

अगले 3 दिनों में पश्चिमी विक्षोभ लेकिन कमजोर स्थिति में, अगले दो-तीन दिन बढेगा तापमान, आगे भी गहराएगा गर्मी का असर

# अब झुलसाएगी भीषण गर्मी, लू-लपट भी चलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ से बारिश एवं गर्मी पर नियंत्रण की स्थिति रही थी। इसके चलते तापमान नीचे आ गया था। अब पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति आगे कमजोर ही रहने वाली है। ऐसे में गर्मी झुलसाने वाली स्थिति में बढेगी। लू-लपट भी चलेगी। अगले तीन झ चार दिन तापमान सिरे से बढेगा, उसके बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का उस पर हल्का असर हो सकता है।हालांकि आने वाला पश्चिमी विक्षोभ काफी कमजोर बताया जा रहा है। ऐसे में तापमान का बढना तय है।

प्रदेश के सभी जिलों सहित उज्जैन में मौसम ने करवट बदल ली है । अब लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अब आंधी और बेमौसम बारिश का दौर थम गया है, जिससे सूरज की तीखी किरणों ने सीधे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है।

**पिछले दिनों में पारे की स्थिति**

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| 08 अप्रेल | 22.0 | 31.7 |
| 09 अप्रेल | 17.4 | 33.5 |
| 10 अप्रेल | 20.0 | 35.5 |
| 11 अप्रेल | 16.8 | 38.0 |
| 12 अप्रेल | 18.5 | 38.5 |
| 13 अप्रेल | 18.6 | 39.0 |

नोट झ तापमान के आंकडे डिग्री सेंटीग्रेड में है।स्त्रोत-शा.जीवाजी वेधशाला,उज्जैन।



### बढेगा तापमान, आने वाला विक्षोभ कमजोर

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डा. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त बताते हैं कि 17 अप्रेल के आसपास नया पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। वैसे यह कमजोर है और इसके असर से कोई फर्क नहीं पडने वाला है। गर्मी की स्थिति को यह आंशिक रूप से ही प्रभावित करेगा। अभी तो वर्तमान में तीन-चार दिनों तक गर्मी का असर तेजी से बढेगा। पिछले दिनों में जिस तरह से विक्षोभ ने गर्मी को प्रभावित किया ऐसा इस विक्षोभ के दौरान नहीं रहेगा।

### मौसम का दोहरा रूप

देशभर में मौसम का दोहरा रूप देखा जा रहा है। एक ओर कई राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का दौर जारी है, वहीं दूसरी तरफ कई हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं।मौसम विभाग ने 11 राज्यों में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहं, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में 13-14 अप्रैल के लिए लू की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, हरियाणा, असम, केरल, त्रिपुरा और नगालैंड समेत कई राज्यों में तेज आंधी के साथ बारिश का सिलसिला जारी है। इन इलाकों में 50 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश के मनाली में न्यूनतम तापमान माइनस 4 डिग्री तक गिर सकता है, जबकि शिमला, लाहौल-स्पीति, मंडी, कुल्लू, सोलन, चंबा, किन्नौर, ऊना और कांगड़ा में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट है।

### पिछले दिनों 8 डिग्री चढा तापमान

उज्जैन में भी पारा बराबर उपर की और चढ रहा है। पिछले 6 दिनों में अधिकतम तापमान 8 डिग्री सेंटीग्रेड चढा है। रात का न्यूनतम तापमान उपर नीचे हो रहा है जिससे शीत गरमी की स्थिति बन रही है। पिछले 6 दिनों में रात का तापमान करीब 4 डिग्री गिरावट के साथ दर्ज किया गया है।शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार को सप्ताह की शुरूआत में न्यूनतम तापमान 18.6 एवं अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही आर्द्रता सुबह 54 एवं शाम को 35 डिग्री दर्ज की गई। हवा सुबह शुन्य रही और शाम को 4किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

## 21 दिन तक खराब नहीं होगी सब्जियां

### विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने बताई बड़ी उपलब्धि



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें वैज्ञानिकों ने बताया कि सब्जियों को 21 दिन तक सुरक्षित रखने वाली नई तकनीक की खोज हुई है। आयोजन 'रासायनिक नवाचार के नवीन क्षितिजः सूक्ष्म अणुओं से चिकित्सीय समाधान तक' विषय पर आयोजित किया गया था, जिसमें देश विदेश के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

**सब्जियों को 21 दिन तक सुरक्षित रखने की नई तकनीकः** संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण क्क्ळ इंदौर के प्रो. देबायन सरकार का व्याख्यान रहा। उन्होंने प्रिसिजन डिअरोमैटाइजेशन तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी, जिसमें अणुओं की संरचना बदलकर अधिक प्रभावी दवाएं तैयार की जा सकती हैं।

इसी दौरान उन्होंने एक नई तकनीक भी बताई, जिससे सब्जियों को बिना किसी नुकसान के करीब 21 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इस खोज को खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

**ग्रीन केमिस्ट्री की दिशा में अहम कदमः** मुख्य वक्ता के रूप में नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. एलिजाबेथ एगहोम जैकबसेन ने कीमो एंजाइमेटिक संश्लेषण पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि यह तकनीक दवाओं के निर्माण को ज्यादा सटीक बनाती है, जिससे उनकी प्रभावशीलता बढ़ती है और साइड इफेक्ट कम होते हैं। इसे ग्रीन केमिस्ट्री की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### क्रिकेटर नीतिश राणा और यास्तिका भाटिया सहित...

## अभिनेता मिलिंद सोमन ने किए महाकाल दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर में होने वाली बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती में आज फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन और क्रिकेटर नितीश राणा सहित महिला क्रिकेटर यास्तिका भाटिया पहुंचे। तीनों ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

### पत्नी के कहने पर पहुंचे मिलिंद सोमन

फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन ने प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान वे भक्ति में लीन नजर आए। दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि यहां आकर बेहद खुशी महसूस हुई। उन्होंने बताया कि लंबे समय से यहां आने की इच्छा थी, लेकिन कहते हैं कि जब तक बुलावा नहीं आता, तब तक आना संभव नहीं होता। उन्होंने बताया कि अपनी पत्नी के कहने पर वे यहां आए और यहां का अनुभव बेहद खास रहा।

### आईपीएल के बीच महाकाल की शरण में नितीश राणा

आईपीएल के व्यस्त शेड्यूल के बीच नितीश राणा भी बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में भाग लिया और नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान उन्होंने देश की समृद्धि और अपनी टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। मंदिर समिति द्वारा उनका सम्मान भी किया गया।

### यास्तिका भाटिया ने भी किए दर्शन

महिला क्रिकेटर यास्तिका भाटिया ने भी ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत और सत्कार किया गया।

## अम्बेडकर जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण






दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन मे 14,अप्रैल 2026,को भारतीय संविधान के रचियता और दलित समाज के मशीहा डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा सहाब की 135,वी जयंती को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ एवं वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारियों द्वारा टावर फ्रीगंज मे बाबा सहाब की प्रतिमा पर माला माल्यार्पण करते हुये बाबा सहाब अमर रहे के नारे लगाते हुये संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई हमारे बिच उज्जैन आलोट के सांसद माननीय अनिल फिरोजिया जी उपस्थित रहे इस शुभ अवसर पर उपस्थित दशरथ सीहोते प्रदेश संगठन सचिव, जीतेन्द्र भाटी संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रवि सीहोते जिला अध्यक्ष, मुकेश रायकवार जिला सचिव,दिनेश लावरे संभाग महामंत्री,सुरेश रायकवार जिला उपाध्यक्ष,कमल फातरोड़ जिला सचिव,कुन्दन गिरजे संभाग मंत्री, ओमप्रकाश मालवीय संभाग सचिव,धर्मेन्द्र परमार जिला महामंत्री,दिनेश तंवर जिला कोषाध्यक्ष,सुनील खत्री जिला सहायक सचिव, वरुण परमार जिला उपाध्यक्ष,रवि चौहान जिला मिडिया प्रभारी, घनश्याम माली जिला मिडिया प्रभारी,रवि भिलाला आदि यह जानकारी संभाग मिडिया प्रभारी रामु हंस ने दी।

## बारिश से पहले नाले-नालियों का सफाई अभियान शुरू



**उज्जैन।** नगर निगम उज्जैन द्वारा बारिश से पहले शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बड़े और छोटे नाले व नालियों की सफाई का अभियान मिशन मोड पर शुरू कर दिया गया है। यह कार्य हर साल की तरह इस वर्ष भी प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, ताकि वर्षा के दौरान किसी भी वार्ड में जलभराव की स्थिति न बने।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शहर के सभी वार्डों में चिन्हित प्रमुख नालों और नालियों की सफाई का काम मंगलवार से शुरू कर दिया है। मंगलवार को जोन क्रमांक 05 और 06 में जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन, बॉबकैट मशीन और नाला गैंग के कर्मचारियों की मदद से सफाई कार्य किया गया। खास बात यह है कि यह पूरा अभियान निगम अपने ही संसाधनों से बिना किसी अतिरिक्त खर्च के चला रहा है।

नगर निगम के अनुसार, यह सफाई अभियान लगातार 20 दिनों तक जारी रहेगा, जिससे शहर की जल निकासी व्यवस्था बेहतर हो सके और बारिश के दौरान नागरिकों को राहत मिल सके।

## पंचक्रोशी यात्रा में शिवरथ रहा श्रृद्धा एवं आकर्षण का केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेवा, शक्ति एवं समर्पण के लक्ष्य को धारण कर श्री महालयेश्वर भागवत समिति खत्रीवाडा उज्जैन एवं शिवरथ परिवार के माध्यम से इस वर्ष भी शिवरथ आकर्षक साज-सज्जा के साथ इंदधनुषी सौंदर्य लेकर हजारो की तादाद् में पधारे यात्रियों के साथ निरंतर यात्रा मार्ग में पांच दिवस तक सम्मिलित रहेगा।

संस्थापक श्री अशोक प्रजापत ने बताया कि पंचकोशी यात्रा परम पावन उज्जैयनी तीर्थ नगरी के रूप में मान्यता प्राप्त है। तीर्थ की चारों दिशाओं में क्षेत्र की रक्षा के लिये चार द्वारपाल शिवरूप में स्थित है जिनका उल्लेख स्कंद पुराण में अवन्ति खण्ड में है। पंचेशानी यात्रा जिसे अपभ्रंश में पंचक्रोशी यात्रा कहते है। इन्ही चार द्वारपालों की कथा का पूजन विधान में परिक्रमा का विशेष महत्व है। स्कंद पुराण के अनुसार अवन्तिका के लिये वैशाख मास, प्रयाग के लिये माघ और पुष्कर तीर्थ की लिये कार्तिक मास अत्यंत पुनीत है। दिनांक 11 अप्रेल 2026 को शिवरथ का पूजन करने के लिए पूर्व मंत्री श्री पारसचंद्र जैन, उज्जैन उत्तर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा जी द्वार किया गया।

संयोजक पं. कुलदीप जोशी ने बताया कि उज्जैन का आकार चोकोर है। जिसमें श्री महाकालेश्वर मध्य में स्थित है। इस केन्द्र बिन्दु के अलग-अलग अंतर से मंदिर स्थित है जो द्वारपाल कहलाते है इनमें पूर्व में पिंगलेश्वर, दक्षिण में कायावरुणेश्वर, पश्चिम में बिलकेश्वर तथा उत्तर में दुर्दरेश्वर स्थित है। यह यात्रा यूँ तो अनादिकाल से प्रचलित है।

# सूर्यास्त के बाद अंधेरे में शिप्रा आरती का दिखेगा अद्भुत स्वरूप

### प्रतिदिन सूर्यास्त के समय ढोल, नगाड़े व घंटियों की सुमधुर धुन पर रामघाट पर होती है भव्य आरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

धर्म जब व्यावसायिक हो जाए, धर्मयात्रा जब पर्यटन हो जाए और धार्मिक नगरी जब पर्यटकों की नगरी हो जाए तो धर्म मे गिरावट स्वमेव होने लगती है। धर्म के संवाहक पंडित व पुजारी परंपरागत धार्मिक मान्यताओं का पालन न करते हुए धर्म से अर्थ को तरजीह देने लगते हैं तो श्रद्धालुओं की भावना आहत होती हैं और धर्म की हानि भी होती है।

देश मे पावन नदियां पूज्य रही हैं और उनके प्रति हर सनातनी आस्था व श्रद्धा रखता है। कुछ दिनों पूर्व जब पवित्र गंगा नदी मे विधर्मियों ने नौका मे मांसाहारी पार्टी की व हड्डियां पावन गंगा मे डाल दीं तो पूरे देश मे बखेड़ा खडा हुआ और उन युवकों को इस घृणित कृत्य के लिए सजा की मांग उठने लगी किन्तु खुद धर्म के संवाहक जब धर्मसम्मत नियमों का पालन न करें तो क्या किया जाए ये एक विचारणीय प्रश्न है।

### शिप्रा आरती मे धार्मिक परंपरा की अनदेखी

पुण्यसलीला मां शिप्रा की आरती सूर्यास्त के समय होने की परंपरा रही है। प्रतिदान सूर्यास्त के समय ढोल , नगाड़े व घंटियों की सुमधुर धुन पर भव्य आरती रामघाट पर होती है। विगत कुछ माह से एक नया ट्रेंड शिप्रा के विभिन्न घाटों पर देखने को मिल रहा है। अब हर घाट पर शिप्रा की आरती हो रही है। आश्चर्य का विषय ये है कि ये आरती एकसाथ नहीं होती बल्कि सभी घाटों की आरती समय मे अंतर देखने को मिलता है। ग्रीष्मकाल मे आरती समय सूर्यदेव के अस्त होने के वक्त अमूमन साढे छः से सात के मध्य होना चाहिए किन्तु जब से पर्यटकों की आवाजाही शहर मे बढी तब से शिप्राजी की आरती धनार्जन का माध्यम बन गई और पंडित के अलावा यजमानों से दक्षिणा लेकर शिप्रा की आरती करवाई जाने लगी। वर्षों पूर्व सिर्फ पंडित ही पूर्ण शुद्धता के साथ आरती करते थे किन्तु अब धार्मिक नगरी आनेवाला कोई भी पर्यटक आरती कर सकता है बशर्ते उस की जेब भारी हो और वो आरती के लिए पंडित की ओर बडा नोट सरका सके।







### पवित्रता व शुद्धता की अनदेखी

आरती व अन्य धार्मिक विधियां पूर्ण शुद्धता व पवित्रता के साथ संपन्न की जाती हैं। धार्मिक रीतियों को करनेवाले को स्नान के बाद साफ परिधान पहनकर आरती करने का विधान है किन्तु भेंट दक्षिणा की लिप्सा में शिप्रा आरती कोई भी पर्यटक कर रहा है। अब वह सीधे ट्रेन से उतरकर शौच आदि के बाद भी आ गया तो भी आरती कर रहा है और पवित्रता या शुद्धि जैसे नियमो को विस्मृत किया जा रहा है। कुछ महिलाएं भी शिप्रा की आरती करती हैं । आरती के पूर्व न तो पंडित यजमानों से हाथ ,पैर धुलवाते हैं और न ही शुद्धिकरण के मंत्रों का वाचन कर आचमन आदि किया जाता है। यजमान को सीधे आरती पकडा दी जाती है। धर्म के जानकार जब ये दृश्य देखते हैं तो उनकी आस्था आहत होना लाजिमी है।

### सबसे बडा रूपैया

घाट पर प्रतिदिन आरती मे सम्मिलित होनेवाले श्रद्धालुओं से तो पंडित आरती करने का आग्रह कभी करते नहीं दिखते किन्तु अच्छे महंगे परिधान पहने पर्यटकों से दक्षिणा लेकर उन्हें आरती की ज्योत थमाने मे देर नहीं करते। मतलब स्पष्ट है भगवान के आगे भी सबसे बडा रूपैया ही बन चुका है। धर्मधानी उज्जैन मे अंधेरे के बीच शिप्रा की आरती देखना हैरान करता है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 15 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## देश विदेश

### सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री

**पटना।** सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। आज 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, 'मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है।

### नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल, पुलिस से झड़प, 26 अफसर भेजे

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया। फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण लखनऊ के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे।

### धुरंधर की आलोचना पर रणवीर सिंह ने पोस्टर के जरिए दिया जवाब



यूट्यूबर ध्रुव राठी ने 'धुरंधर' 2 को सत्ताधारी पार्टी का प्रोपेगैंडा बताया था

**मुंबई।** रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद सुर्खियों में हैं। अब एक्टर पहली बार अपने ससुर और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के साथ एक विज्ञापन में नजर आए हैं। लेकिन इसकी चर्चा की वजह सिर्फ ससुर-दामाद की जोड़ी नहीं है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक फिल्म का पोस्टर लगा है। पोस्टर पर रणवीर सिंह की फोटो है और फिल्म का नाम 'बवंडरः द टॉरनेडो' लिखा है। फैंस का दावा है कि इस विज्ञापन के जरिए रणवीर ने यूट्यूबर ध्रुव राठी पर निशाना साधा है। दरअसल, ध्रुव राठी ने रणवीर की फिल्म 'धुरंधर' की आलोचना करते हुए अपने वीडियो में एक काल्पनिक फिल्म 'ऑपरेशन बवंडर' का नाम लिया था। इस कमर्शियल में रणवीर सिंह और प्रकाश पादुकोण पेमेंट के फायदों पर बात कर रहे हैं। एक सीन में दोनों थिएटर में बैठे हैं, जहां बैकग्राउंड में एक फिल्म का पोस्टर लगा है। पोस्टर पर रणवीर सिंह की फोटो है और फिल्म का नाम 'बवंडरः द टॉरनेडो' लिखा है। फैंस ने तुरंत इसे ध्रुव राठी से जोड़ दिया। सोशल मीडिया यूजर्स विज्ञापन की बारीकियों की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, रणवीर ने ध्रुव राठी के बवंडर वाले जोक को उन्हीं पर पलट दिया है, यह कमाल की डिटेलिंग है। विज्ञापन में रणवीर अपने ससुर को 'पप्पा' कहते दिखते हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण भी अपने पिता को इसी नाम से बुलाती हैं। एक अन्य सीन में रणवीर हाथ में यूनिकॉर्न पकड़े हैं, जिसे फैंस उनके 'गर्ल डैड' (बेटी के पिता) होने से जोड़कर देख रहे हैं।

**आईपीएल में आज**

लखनऊ सुपर जाइंट्स VS रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय : शाम 7:30 बजे

स्थान : एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु

जीत की संभावना : लखनऊ सुपर जाइंट्स

### ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद चुनाव हारे ऑर्बन

विक्टर ऑर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्ज़ा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले ऑर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे। ऑर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 7 अप्रैल 2026 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा किया।

---

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी, यात्री धूप में परेशान होते रहे

## हाईवे पर दो घंटे से अधिक जाम, जिला आपूर्ति अधिकारी को बुलाकर ही माने किसान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





अपनी मांगों के लिए जिद पर अड़े किसानों ने मंगलवार को उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भरी दोपहरी में जाम लगा दिया। दो घंटे से अधिक समय तक जाम चलता रहा। इस दौरान हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। किसान जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा को स्थल पर बुलाकर ही माने। उससे पहले आंदोलनकारी किसानों ने उन्हें हटाने की मांग तक कर दी थी। एसडीएम राजाराम करजरे ज्ञापन लेने पहुंचे तो उन्हें लौटा दिया गया।

मंगलवार दोपहर को भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के नेतृत्व में महिदपुर तहसील के किसानों ने घट्टिया थाना क्षेत्र अंतर्गत निपानिया गोयल में समर्थन मूल्य पर खरीदी में आ रही परेशानियों को लेकर आंदोलन छेड़ दिया। दोपहर से अपराह्न तक जाम चलता रहा। इससे हाईवे पर दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्री वाहनों में सवार गर्मी के मारे परेशान होते रहे। किसानों को समझाने एवं उनसे ज्ञापन लेने स्थल पर पहुंचे घट्टिया एसडीएम राजाराम करजरे, डीएसपी भारतसिंह यादव सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे एवं जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा को स्थल पर बुलाने की मांग करते रहे। अंततः सुश्री वर्मा के आने पर किसानों ने अपना आक्रोश जताते हुए उन्हें समस्याओं से अवगत करवाया।

### किसानों ने रखी अपनी मांगे

गेहूं खरीदी में सीमा को समाप्त कर प्रत्येक खरीदी केंद्र पर 3500 क्विंटल प्रतिदिन के स्लॉट बुक हो। उसी हिसाब में तुलाई के लिए पर्याप्त तोल कांटे, बारदान और मजदूर खरीदी केंद्र पर उपलब्ध हो। जिन किसानों के पंजीयन में भौतिक सत्यापन की मांग की जा रही है उसे शीघ्र ठीक किया जाए। नॉन ऋअद के नाम पर किसानों को परेशान करना तुरंत बंद किया जाए। कुछ खरीदी केंद्रों पर अत्यधिक भार होने के कारण नई खरीदी केंद्र शुरू करने की मांग वाले लेकोडा (उज्जैन), जहांगीरपुर (बड़नगर), माली खेड़ी (घटिया) इन्हें 2 दिन में शुरू किया जाए। व्यवस्था में लगे विभाग किसानों से सहयोग नहीं कर रहे हैं अगर उनका यही रवैया रहा तो किसान संघ इनके खिलाफ कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगा। पराली जलाने पर जिले में किसी भी किस पर कोई भी कार्रवाई होती तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करेगा। इस दौरान एसडीएम राजाराम करजरे भी मौजूद रहे। किसानों ने यह भी कहा कि जिन किसान परिवारों में बेटियों की शादी है एवं घरों में गेंहु भरा है उनसे उपज लेकर तुलवा ली जाए पैसा भले ही बाद में दे दिया जाए। ऐसे मामलों में मानवीयता अपनाई जाए जिससे किसान अपनी बेटी का विवाह व्यवस्थित कर सके।

### समस्याओं से वरिष्ठों को अवगत करवाया- सुश्री वर्मा

जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री वर्मा का कहना था कि किसान प्रति सेंटर खरीदी की क्षमता बढाने के लिए मांग कर रहे थे जो कि पूर्व से ही स्लाट बुकिंग पर आधारित है। वर्तमान में प्रति केंद्र एक हजार क्विंटल की खरीदी की जा रही है। स्लाट के पूनः सत्यापन का मामला सेटेलाईट से संबंधित होने पर इसका सत्यापन किया जा रहा है। सेटेलाईट ने कुछ पंजीयनों में स्थल पर गेंहू ही नहीं बताया है। यह भोपाल से संबंधित मसला है। किसी किसान परिवार में विवाह है तो स्लाट बुकिंग ओपन है। संबंधित मांगों से जिला कलेक्टर एवं भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया जा रहा है।

---

किन शिक्षकों को परीक्षा देना जरूरी यह तय करेगा विभाग, सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका पर भी मंथन

## टीईटी परीक्षा के लिए नए सिरे से आदेश जारी होंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों की नौकरी पर असर डालने वाली टीईटी परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग नया आदेश जारी करेगा। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नए आदेश में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता और छूट की स्थिति स्पष्ट की जाए। आयुक्त ने कहा कि नए आदेश में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा अनिवार्य होगी और किन्हें नियमानुसार छूट या सरलीकरण मिलेगा। विभाग ने बताया कि मामले में शासकीय अधिवक्ता से अभिमत प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। अभिमत मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। सोमवार को लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ और अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें कई प्रशासनिक निर्णय लिए गए।





### वेतनवृद्धि और समयमान के मामलों में शीघ्र आदेश

बैठक में तय हुआ कि जिन शिक्षकों को वेतनवृद्धि और समयमान वेतनमान का लाभ मिलना है, उनके प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई कर आदेश जारी किए जाएंगे। यदि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश यथावत रहते हैं, तो परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों के लिए तहसील और विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण व सिलेबस आधारित मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### डीपीआई स्तर पर परामर्श बैठक आयोजित होगी





लंबित समस्याओं के समाधान के लिए डीपीआई स्तर पर परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, शिक्षक कांग्रेस और राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे।

---

## राज्यसभा सीट पर कांग्रेस में कास्ट प्रेशर बढ़ा

### दलित और ब्राह्मणों के बाद अब सिंधी समाज ने ठोकी दावेदारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का राज्यसभा कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हुई सीट को लेकर कांग्रेस के भीतर खींचतान तेज हो गई है। पार्टी में जातीय समीकरणों को लेकर दबाव(कास्ट प्रेशर) लगातार बढ़ रहा है। जहां पहले दलित और फिर विंध्य के ब्राह्मणों की ओर से दावेदारी पेश की गई थी, वहीं अब इस रेस में सिंधी समाज की भी एंट्री हो गई है।

### सिंधी प्रतिनिधित्व की मांग उठी

रीवा शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिलीप ठारवानी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर सिंधी समाज से राज्यसभा प्रतिनिधि भेजने की मांग उठाई है। ठारवानी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित पत्र में लिखा है कि वे लंबे समय से कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और उनका परिवार पीढ़ियों से पार्टी की विचारधारा से जुड़ा है। सिंधी समाज देशभर में कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था और योगदान के लिए जाना जाता है। आगामी राज्यसभा चयन में सिंधी समाज से एक योग्य और समर्पित प्रतिनिधि के रूप में उनके नाम पर विचार किया जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी भेजी गई है।

---

छत्तीगढ़ के सक्ती के वेदांता पावर-प्लांट में

## बॉयलर फटने से 4 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। वहीं 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर ब्लास्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक ट्यूब फटने से हादसा हुआ है।



---

## 2029 के चुनावों में बेटियों को उनका हक देंगे- मोदी

### दिल्ली से देहरादून का सफर ढाई घंटे में, प्रधानमंत्री ने एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

पीएम मोदी ने मंगलवार को देहरादून में कहा, 4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रही है। अब वह समय आ गया है। हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे। इसके लिए हम संसद में महिला आरक्षण बिल ला रहे हैं।

पीएम ने कहा- 'कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थीं।



आज डबल इंजन सरकार के प्रयास से सड़क गांव तक पहुंच रही है। जो गांव वीरान थे आज फिर बस रहे हैं।' इससे पहले उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का उद्घाटन किया। वे एशिया के सबसे लंबे 12 किमी एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण करने सहारनपुर पहुंचे। यहां रोड शो भी किया।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर 213 किमी लंबा, 6 लेन और एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है और इसके शुरू होने से दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी 6 घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह जाएगी।

पीएम ने कहा कि देश की बेटियां भारत निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है।

**टूरिज्म बना कमाई का सबसे बड़ा जरिया:** पीएम ने कहा कि टूरिज्म बढ़ने से हर वर्ग को कमाई का मौका मिलता है। होटल, टैक्सी, दुकानदार सभी को लाभ होता है। उत्तराखंड अब विंटर टूरिज्म और स्पोर्ट्स का बड़ा केंद्र बन रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

---

## नए नियमों के साथ होगी एमपीपीएससी एग्जाम

### 90 मिनट पहले पहुंचना होगा एग्जाम सेंटर, थ्री लेयर की होगी चैकिंग व्यवस्था

### 26 अप्रैल को होगी परीक्षा, पहली बार नेगेटिव मार्किंग की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन यानी एमपीपीएससी की प्रीलिम्स परीक्षा में इस बार काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। पहली बार अभ्यर्थियों को एग्जाम शुरू होने के 90 मिनट पहले एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा। वहीं पहली बार नेगेटिव मार्किंग भी होगी। आयोग के अनुसार, यह बदलाव परीक्षा में पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है।

एमपीपीएससी की नई गाइडलाइन के अनुसार केंद्रों पर अभ्यर्थियों को थ्री लेयर सिक्योरिटी से गुजरना होगा। इसमें हर उम्मीदवार को 5 से 7 मिनट का समय लगेगा, इसी कारण एग्जाम सेंटर आने का समय 90 मिनट पहले किया गया है। पहले यह समय 45 मिनट पहले था। वहीं परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले ही केंद्रों के प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे।





### गड़बड़ी रोकने और सुरक्षा बढ़ाने पर जोर

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य राधे जाट ने बताया कि 2024 में हम सीएम से मिले थे। हमने कहा था कि एग्जाम के दौरान कई बार गड़बड़ी होती है, जैसे कोई दूसरा व्यक्ति आकर बैठ जाता है। एडमिट कार्ड किसी का होता है और फोटो किसी का। तब सीएम ने बदलाव करने का आश्वासन दिया था। 26 अप्रैल को होने वाली एग्जाम में नए नियम लागू किए जा रहे हैं, जो सिक्योरिटी के लिहाज से काफी अच्छे हैं।

### जानिए कैसे होगी अब थ्री लेयर चेकिंग

- **क्यूआर कोड स्कैनिंग:** एग्जाम सेंटर में अभ्यर्थी के एंट्री के दौरान एडमिट कार्ड की जांच होगी, जिस पर एक क्यूआर कोड रहेगा। इस कोड को स्कैन करने से अभ्यर्थी की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी।
- **बायोमैट्रिक सत्यापन:** अभ्यर्थी की डिजिटल पहचान ली जाएगी। सबसे पहले आई स्कैन होगी, इसके बाद फिंगरप्रिंट और फेस रिकग्निशन के बाद डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया होगी।
- **फ्रिस्किंग प्रक्रिया:** मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी, इसके बाद मैन्युअल तलाशी ली जाएगी, ताकि कोई भी गैजेट अंदर न ले जाया जा सके।
- बता दें कि अभ्यर्थियों द्वारा भी थ्री लेयर सिक्योरिटी चेकिंग की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

---

## मप्र के कई जिलों में भीषण लू का अलर्ट, रतलाम सबसे गर्म



दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में अब बादलों और बारिश की विदाई हो गई है। सूरज ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 16 और 17 अप्रैल से प्रदेश के कई जिलों में भीषण लू चल सकती है।

सोमवार को रतलाम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 41.2त्ज दर्ज किया गया। इसके अलावा धार, नर्मदापुरम और खरगोन में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर रहा।

### आज से नया सिस्टम सक्रिय लेकिन नहीं मिलेगी राहत

15 अप्रैल से एक नया मौसम सिस्टम बन तो रहा है, लेकिन वह काफी कमजोर है। इसका मतलब है कि अब गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा ऐतिहासिक रूप से सबसे गर्म रहता है। ग्वालियर में तो तापमान 45 डिग्री और भोपाल में 44 डिग्री तक जाने का रिकॉर्ड रहा है।

## न्यूज कालम



### संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती मनाई

**सनावद/बैड़िया।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती मनाई गई।भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित समारोह में विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। विधायक ने कहा कि बाबा साहेब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। बाबा साहेब प्रखर वक्ता,लेखक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, विचारक एवं शिक्षाविद् थे।उन्होंने छूआछूत,जातिगत भेदभाव और अशिक्षा के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। देश में सामाजिक समरसता स्थापित करने के उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल,गोविंद बिरला,नरेंद्रसिंह पंवार,डॉ.अरविंद रावल,सुरेंद्र पवार, भगवानसिंह सोलंकी,जितेंद्र सोलंकी,संजय पाठक,कन्हैयालाल मंसारे,मुन्नालाल यादव,राजू राठौड़ एवं शोभाराम नायक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### संत श्री शिरोमणि सेन महाराज जी की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली



**मनावर।** नगर कांग्रेस कमेटी मनावर द्वारा संत श्री शिरोमणि सेन महाराज जी की जयंती पर सेन समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका स्वागत कांग्रेस जनों ने किया इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी, निरंजन डावर, पार्षद नेता प्रतिपक्ष पार्षद लक्ष्मी जाट, पार्षद दिलीप सिंगार, अनिल मकवाना, अरुण गर्ग,अखलेश कुशवाह, सुनील स्टार,अख्तर बी, सूरज जाट , मुकेश शिवदे, आरिफ मंसूरी, महेश सुरंशी, निधि जाट, योगेश जख्मी, जाकिर खत्री, डॉ जगदीश दामके , दिलीप पटेल, आशीष पाटीदार, महेंद्र बरफा, ऋषभ कीमती, राहुल वर्मा, अमर सेन, करण सिंग दादा आजम खान, अदनान बोहरा, इकबाल दाऊदी, दिनेश ठाकुर, राजेश चौहान, पवन पंवार आदि अनेक कांग्रेस जनों ने स्वागत किया।

### अमरनाथ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुन: बहाल

**देपालपुर।** सतत प्रयास, उच्च स्तरीय संवाद और प्रशासनिक समन्वय के बाद अंततः देपालपुर के शासकीय अस्पताल में श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुनः प्रारंभ हो गई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा देपालपुर की खंड चिकित्सा अधिकारी वंदना केसरी को विधिवत अधिकृत किए जाने से क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देपालपुर के चिकित्सक का नाम स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अधिकृत सूची से हटा दिया गया था, जिसके कारण श्रद्धालुओं को इंदौर अथवा अन्य स्थानों पर जाकर परीक्षण कराना पड़ रहा था। ग्रामीण अंचल के यात्रियों के लिए यह व्यवस्था समय, श्रम और आर्थिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण थी। विषय की गंभीरता को समझते हुए इसे प्रशासनिक स्तर पर प्राथमिकता से उठाया गया।

### ग्राम धरगांव में सांसद पटेल का स्वागत, जनसमस्याओं पर लिया संज्ञान



**मंडलेश्वर ।** समीपस्थ ग्राम धरगांव में एक भव्य एवं गरिमामय आयोजन के बीच खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का नगर आगमन हुआ। उनके आगमन पर अंबिका माता मंदिर परिसर में ग्रामीणों एवं समाजजनों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत धार्मिक माहौल में हुई, जहां सांसद पटेल ने विधि-विधान के साथ अंबिका माता जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं विकास की कामना की। इसके बाद पाटीदार समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका आत्मीय अभिनंदन किया। पूरे परिसर में उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पाटीदार समाज अध्यक्ष श्रीराम पाटीदार, अंबिका मंदिर अध्यक्ष गजाननंद पाटीदार, सरदार पटेल धर्मशाला अध्यक्ष राजेश पाटीदार, युवा पाटीदार समाज अध्यक्ष रितेश पाटीदार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चेतन पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, संदीप पाटीदार सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन

**बड़वानी।** विज्ञान भवन नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका पर उदबोधन दिया गया, जिसका सीधा प्रसारण नगर पालिका बड़वानी के सभागृह में किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, महिला पार्षदगण श्रीमती निर्मला मालवीया, श्रीमती निशा अमित उपाध्यक्ष, एल्डरमैन श्रीमती जया शर्मा, श्रीमती सुनीता तोमर एल्डरमैन कुक्षी, नगर पालिका महिला कर्मचारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

### नर्मदा नदी में कूदे बुजुर्ग की बचाई जान

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में तैनात डायल-112 को किसी भी प्रकार की आपातकालीन सूचना पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में कसरावद पुल से एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा नर्मदा नदी में कूदने की सूचना प्राप्त हुई। घटना के दौरान फिल्टर प्लांट पर तैनात बबलू भाई द्वारा तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए नदी में रिंग (लाईफ रिंग) डाली गई, जिसे उक्त व्यक्ति द्वारा पकड़ लिया गया।

---

दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु नई पहल

## क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत पशु जागरूकता शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



पशुपालन विभाग द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहित करने तथा पशु स्वास्थ्य एवं पशुपोषण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से क्षीर धारा ग्राम योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत जिले के समस्त ग्रामों में चरणबद्ध रूप से पशु जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रथम चरण में जिले के विकासखंड खरगोन से 22, कसरावद से 27, महेश्वर से 36, बड़वाह से 53, भीकनगांव से 36, झिरन्या से 16, भगवानपुरा से 12, सेगांव से 17 तथा गोगांवा से 23 ग्रामों सहित कुल 242 ग्रामों का चयन कर उन्हें क्षीर धारा ग्राम घोषित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

इन ग्रामों का चयन उन मापदंडों के आधार पर किया गया है, जहां उन्नत पशुपालकों की संख्या अधिक है तथा पशुओं में उन्नत नस्ल से कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण एवं टैगिंग का स्तर 70 प्रतिशत से अधिक है।

चयनित ग्रामों में माह अप्रैलझमई के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत बाँझपन निवारण, टीकाकरण, बधियाकरण एवं गोबर व गौमूत्र के बेहतर प्रबंधन के लिए पशु जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. जीएस सोलंकी ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे च्क्षीर धारा ग्रामज्ज योजना अंतर्गत आयोजित शिविरों में अपने पशुओं का अधिक से अधिक उपचार कराएं तथा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

## नर्मदा नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस



**मंडलेश्वर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमिया महाविद्यालय के पीछे, नर्मदा तट स्थित आश्रम के समीप मंगलवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 1 बजे नर्मदा पर स्नान करने वालो ने नदी में एक युवक का शव तैरते हुए देखा था, जिसकी सूचना तत्काल मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम मौके पर रवाना किया और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला।प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक की मृत्यु आज ही पानी में डूबने के कारण हुई है। हालांकि, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मंडलेश्वर पुलिस आसपास के ग्रामीण इलाकों और थानों में संपर्क कर युवक की शिनाख्त करने के प्रयास में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डलेश्वर भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जाँच शुरू कर दी है। युवक कहाँ का निवासी है और यह घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## सहकारी समितियों में डॉ.अंबेडकर की जयंती पर नवीन सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



म.प्र. शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सहकारिता के माध्यम से किसानो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं शून्य प्रतिशत ब्याजदर पर फसल ऋण का लाभ दिलाने के लिए गैर सदस्यों को बी पेक्स संस्थाओं मे सदस्यता दिलाये जाने हेतु 14 अप्रेल से 15 मई तक अभियान चलाया जाकर 20 हजार नवीन सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया, जिसका क्रियान्वयन 14 अप्रैल से प्रारंभ करते हुए खरगोन एवं बडवानी जिले की 182 संस्थाओं द्वारा पेक्स मुख्यालय पर सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया । जिसमे प्रत्येक संस्था द्वारा पात्र गैर सदस्यों को सदस्यता आवेदन वितरित किये गये ताकि उन्हें सदस्य बनाया जाकर फसल ऋण की सुविधा एवं अन्य बैकिंग एवं संस्थागत सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

जिला स्तर पर बी.पेक्स खरगोन, नारायणपुरा, घुघरिया खेडी, बिलाली, टेमा बेहरामपुर द्वारा संयुक्त रूप से बी.पेक्स खरगोन प्रांगण मे सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अपेक्स बैंक के प्रबंधक करूण यादव उपायुक्त के.आर. अवासे , कृषि विभाग से सहायक संचालक श्री प्रकाश ठाकुर संस्थाओं के प्रसाशक नवीन मुहावरे योगेश शरद एवं सदस्य मौजुद रहे ।

## 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाई बाबा साहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिला सामाजिक समरसता मंच द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जन्म-जयंती को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाया गया। 14 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जातिगत भेदभाव को मिटाकर समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाना और डॉ. आंबेडकर के समानता व सामाजिक न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था।

इस अवसर पर जिले के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज प्रमुखों ने सामाजिक समता के वाहक भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर सामाजिक समता, समान अधिकार और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया और भाईचारे का संदेश दिया।

जिला सामाजिक समरसता मंच ब्रम्हपुर के जिला संयोजक विनोद जंजालकर ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने अपने संघर्ष काल में भी शोषितों, वंचितों और समाज की पीड़ा को समझा। समाज में समता और सभी समाजों में समरसता लाने के लिए तथा विषमता को समाप्त कर सभी को ऊंचा उठने का समान अवसर मिले, इसके लिए उन्होंने अथक व सार्थक प्रयास किए। इसलिए डॉ. अंबेडकर सभी के लिए महान हैं।

## संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज का 726 वां जन्मोत्सव भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में सनावद नगर और आसपास के क्षेत्रों के सेन समाज के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रारंभ में अतिथियों ने सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।तत्पश्चात वात्सल्य धाम कोठी की प्रमुख साध्वी साक्षी दीदी ने मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वचन कहे। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने कहा कि सेन समाज पारस्परिक सहयोग के माध्यम से उन्नति के पथ पर अग्रसर है। सेन समाज के युवा शिक्षित होकर प्रशासन और व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सेन समाज की मांग पर विधायक ने सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधायक निधि से ११ लाख रु प्रदान करने की घोषणा की। नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि सेन समाज द्वारा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सेन समाज के युवा उद्योगपति जितेंद्र पटेल ने सेन समाज के सामूहिक विवाह के आयोजनों,प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहायता और सामुदायिक भवन के निर्माण में हरसंभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया।

## समाज सेवा के क्षेत्र में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त महेंद्र जैन का सहपाठियों ने किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



पहली से ग्यारहवी तक साथ पढ़े सहपाठियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने पर अपने बचपन के साथी महेंद्र जैन का आत्मीय सम्मान किया। एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में बचपन की यादें ताजा हो गईं।

सहपाठी संजय शाह ने कहा कि जीवन जीना है तो महेंद्र जैन से सीखो। दूसरों के लिए जीना ही अमूल्य जीवन है। जीवन को दूसरों के लिए कैसे जिया जाता है, इस बात को महेंद्र जैन ने सही मायने में चरितार्थ कर दिखाया है।

सहपाठी किशोर लाड ने कहा कि गर्व तब होता है जब बचपन का दोस्त किसी भी क्षेत्र में ऊंचाइयों पर पहुंचकर समाज सेवा में रत रहकर जीवन को सार्थक करता है। यह हमारा सहपाठी है और हमारा वह दोस्त है जिसके साथ हमने बचपन बिताया और वर्तमान भी बिता रहे हैं, इस बात का हम सभी को गर्व है। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु एवं लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्ति पर सभी साथियों ने महेंद्र जैन का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला और बुके से स्वागत किया।सहपाठी राजेश बजाज, संजय श्रॉफ, सुनील अग्रवाल, राजकुमार मेहता, रविन्द्र तारकस ने कहा कि हमारे बचपन के साथी महेंद्र जैन ने इस जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम प्रस्तुत किए हैं और अनेक पुरस्कार व अवार्ड प्राप्त किए हैं जिनका कोई सानी नहीं। हमें गर्व है कि हम महेंद्र जैन के सहपाठी हैं।उपेन्द्र जैन ने कहा कि आज भी पहली कक्षा वाली दोस्ती, वही प्यार और मोहब्बत को साथ लेकर इस उम्र के पड़ाव पर भी बरकरार है। समय समय पर सभी दोस्त मिलकर अपना जीवन साथ बिताते हैं।

## पथ संचलन से महेश्वर में नारी शक्ति का शंखनाद

**महेश्वर ।** पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की नगरी और मां नर्मदा की पावन गोद में बसा महेश्वर रविवार को 'जय श्री राम' और 'वन्दे मातरम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के इंदौर संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन की पूर्व संध्या पर जब 450 से अधिक प्रशिक्षित वीरांगनाओं ने हाथों में दंड और शस्त्र लेकर पथ संचलन निकाला, तो नगर की सड़कों पर साक्षात शक्ति का पुंज उतर आया। संचलन का शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

## जिला जल अभाव ग्रस्त घोषित

**बडवानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले में विगत वर्षो में कम वर्षा होने के कारण भू-जल स्तर में आशानुरूप वृद्धि नही हुई है तथा आगामी ग्रीष्म में और अधिक गिरावट होने की संभावना है । जिससे ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में पेयजल संकट गहराने की स्थिति का उल्लेख करते हुये जिले में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रा में निजी नलकूपों के खनन पर तत्काल प्रभाव से १५ जुलाई तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर विचार संगोष्ठी एवं जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी एवं संकल्प से समाधान अभियान के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब के सिद्धांतों पर चर्चा के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समारोह के प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर अपने ओजस्वी उद्बोधन दिए। कई विद्यार्थियों ने काव्य पाठ के माध्यम से बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को रेखांकित किया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 जनवरी से 31 मार्च की अवधि में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पेंशन प्रकरण के निराकरण के उपरांत नए पेंशन स्वीकृति पत्र, संबल 2.0 अनुग्रह सहायता योजना के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगरपालिका बड़वानी के माध्यम से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरित किये गये।

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बाबा साहब के जीवन चरित्र संबंध में अवगत कराते हुए कानून मंत्री और संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में उनका योगदान बारे में अवगत कराया गया। विधायक श्री राजन मण्डलोई ने डॉ. अम्बेडकर की बहुमुखी प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके द्वारा बनाए गए श्रम कानून और हिंदू कोड बिल ने महिलाओं को समाज में समान अधिकार दिलाने प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जी.एस. डामोर, जनप्रतिनिधि उपाध्यक्ष श्रीमती सुमनदेवी वर्मा, पार्षद श्री शंकर कुशवाह एवं श्री मोहन बामनिया, जनपद सीईओ श्री मोतीलाल काग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, प्राचार्य श्री अनिल मिश्र उत्कृष्ट क्र. १, प्राचार्य श्री मुस्तकीम खान कन्या हाई स्कूल सहित स्कूल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रकाश गोयल द्वारा किया गया।

## सेन समाज मेरा परिवार, आपके आशीर्वाद ने ही मुझे विधायक बनाया-श्री मेव

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के पावन अवसर पर सेन-श्रीवास समाज द्वारा नगर में एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। यह चल समारोह नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ नर्मदा तट स्थित आरती मंडल पहुंचा।

जुलूस के दौरान समाज की एकजुटता और उत्साह देखते ही बना, जहां सुसज्जित वाहन में विराजे संत सेन जी महाराज का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-ताशों और आध्यात्मिक भजनों की मधुर धुन पर समाज की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने आत्मिक नृत्य कर उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने भी शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।शोभायात्रा के पश्चात नर्मदा तट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने शिरकत की। समाजजनों को संबोधित करते हुए विधायक श्री मेव ने कहा कि सेन समाज मेरा अपना परिवार है और आज मैं जिस मुकाम पर खड़ा हूँ, वह आप लोगों के अटूट प्यार और आशीर्वाद का ही परिणाम है , मैं आपका सदैव ऋणी रहूँगा और समाज के हर सुख-दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा हूँ।

विधायक ने माताओं-बहनों और युवाओं के उत्साह को देखते हुए बड़ी घोषणा करते हुए मंडलेश्वर में समाज की धर्मशाला (सामुदायिक भवन) निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की राशि देने का ऐलान किया। विधायक की इस घोषणा से पूरा पंडाल जयकारों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।समाज के वरिष्ठों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमने विधायक जी के सामने कोई मांग नहीं रखी थी, फिर भी उन्होंने हमारी जरूरत को समझा, जो उनके उदार हृदय को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में गायक संतोष वर्मा के भजनों के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा और नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया। माँ नर्मदा की आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि ब्रह्मदत्त चौहान, नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाडगे, मंडल उपाध्यक्ष भरत राठौड़, मण्डल मीडिया प्रभारी राजेश पंवार सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अध्यक्ष राहुल श्रीवास, सचिव राकेश सेन, भगवान सेन, अरविंद सेन, दयानंद सेन, महेंद्र श्रीवास, अशोक श्रीवास, गोविंद सेन, माणक सेन , रवि सेन सहित समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी अरुण श्रीवास ने किया।

## न्यूज -कॉलम

### नरवर में मिली वृद्ध की लाश, शिनाख्त के प्रयास

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत भवन के सामने बनी दुकानों के पास मंगलवार को एक वृद्ध की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। ग्राम पंचायत के सरपंच ने मृतक वृद्ध को सफेद कपडे से ढंक दिया था। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि मृतक 60 साल के लगभग का है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ दिनों से क्षेत्र में घूमता दिखाई दे रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बीमारी और भूख की वजह से उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया है। परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। शिनाख्त नहीं होने पर शव को दफनाया जायेगा।

### मजदूरी के रूपयों को लेकर 2 युवकों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के बाड़ी मोहल्ला कार्तिक चौक में सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के लगभग मजदूरी के रूपयों को लेकर विवाद हो गया। जिसमें शहनवाज पिता नवाब खान 21 साल निवासी जानसापुरा और इमरान पिता अब्दुल रहमान 30 साल निवासी बाड़ी मोहल्ला घायल हो गये। शहनवाज की ओर से साहिल कुरैशी ने शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरी ओर से इमरान की शिकायत पर खाराकुआ थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि इमरान और शहनवाज ने साथ मजदूरी की थी। जिसके रूपये इमरान के पास थे। शहनवाज रात में रूपये मांगने गया था, जहां दोनों के बीच मारपीट हो गई। रूपयों को लेकर मारपीट का एक मामला तराना थाना क्षेत्र से भी सामने आया। ग्राम नैनावद पुल के नीचे रात 12.30 बजे कालूराम पिता भैरूलाल 40 साल और जीतू पिता गोकुल प्रसाद फुलेरिया के बीच विवाद हुआ। दोनों ओर से उनके साथियों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की चोंट पहुंचाई। तराना पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। कालूराम का कहना था कि ईट के रूपये मांगने पर गोकुल और उसके साथियों ने मारपीट की है। वहीं गोकुल का कहना था कि काम से मना करने पर कालूराम और उसके साथियों ने पत्थर, लात-घूंसों से मारपीट की है।

### रेलवे स्टेशन पर दिल का दौरा पड़ने से वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** इंदौर के सालवी बाखल के रहने वाले मोतीलाल पिता सागरमल खत्री 66 साल ट्रेन से उज्जैन पहुंचे थे। प्लेटफार्म नम्बर 8 पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना प्रधान आरक्षक दयाशंकर मौके पर पहुंचे और अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने पर मौत होने की पुष्टि की। मृतक वृद्ध के पास मिले दस्तावेज और मोबाइल से उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मोतीलाल उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदारों से मिले आये थे। जीआरपी ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। अंतिम संस्कार के लिये शव इंदौर ले जाया गया है।

### जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद, 4 घायल

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोयला बुजुर्ग में रहने वाली रूकमाबाई लौहार ने पड़ोस में रहने वाले से प्लाट का सौदा किया था। मंगलवार सुबह रूकमाबाई अपने पुत्र अर्जुन पिता कैलाश लौहार, लखन लौहार, पोते युग के साथ प्लाट पर सामान रखने पहुंची। इसी दौरान सौदा करने वाले पड़ोसी के रिश्तेदार ईश्वर ने सामान रखने से मना किया और प्लाट अपना होना बताया। रूकमा ने ईश्वर से कहा कि तेरे काका से सौदा किया है। जिस पर ईश्वर ने अपने साथी अंतरसिंह, राम, बाबू और अन्य के साथ मिलकर हमला कर दिया। रूकमाबाई के पुत्रों ने भी ईश्वर और उसके साथियों के साथ मारपीट की। रूकमाबाई की ओर से दोनों पुत्र और पोता घायल हो गये। वहीं ईश्वर और उसके साथियों को भी चोंट आई। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### कब्जा करने से रोका तो होटल में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम सनकोटा एबीरोड पर सात्विक होटल संजय पिता शिवनारायण शिवहरे की है। कुछ महिनों पहले एग्रीमेंट कर किराये पर समाज के ही प्रवीण पिता बाबूलाल शिवहरे निवासी ग्राम झोंकर मक्सी को दी थी। प्रवीण ने होटल पर कब्जा कर लिया। संजय को पता चला तो उसने होटल छोड़ने की बात कहीं। प्रवीण ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर होटल में तोड़फोड़ कर दी और संजय को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संजय की शिकायत पर प्रवीण और उसके चार अन्य साथियों के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 460-0 | 229-3 |
| मेन बाजार | 230-5 | 245-1 |
| कल्याण नाइट | 660-2 | 127-0 |
| मिलन डे | 480-2 | 700-7 |
| मिलन नाइट | 110-2 | 240-6 |
| मधुर डे | 199-9 | 600-6 |
| मधुर नाइट | 470-1 | 238-3 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

#### त्रिवेणी हिल्स में दर्दनाक हादसा, 2 मासूम आईसीयू में भर्ती...

# जहरीली गैस से थमी 2 मासूम नन्ही बहनों की सांसे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

त्रिवेणी हिल्स में मंगलवार को दर्दनाक हादसा होना सामने आया। नाना के घर आये चार मासूम नाती जहरीली गैस के प्रभाव में आ गये। उपचार के दौरान डेढ़ माह की बालिका की मौत हो गई। 3 मासूमों का आईसीयू में उपचार जारी है।

भूखी माता मंदिर मार्ग पर ईंट भट्टा संचालित करने वाले लालचंद प्रजापत का इंदौररोड स्थित त्रिवेणी हिल्स में मकान बना हुआ है। उन्होने अपनी एक बेटी पूजा का विवाह शाजापुर के तालाब की पाल में रहने वाले राहुल प्रजापत के साथ किया था। दूसरी बेटी रीना का कायथा में रहने वाले बंटी उर्फ हेमंत प्रजापत के साथ विवाह हुआ था। दोनों बेटियां कुछ दिन पहले अपने पिता के घर त्रिवेणी हिल्स आई थी। पूजा के साथ उसकी 5 साल की बेटी जेनिशा और डेढ़ माह की बेटी त्रिशा भी आये थे।

रीना भी अपने बच्चों बाबू साढे तीन माह और अन्नु उर्फ हनिका 4 साल को साथ लेकर आई हुई थी। सोमवार-मंगलवार रात कमरे में सोते समय चारों मासूम बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। त्रिशा की हालत काफी खराब होने पर उसे मंगलवार सुबह निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान पाया कि नन्ही बालिका की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, कुछ देर बाद जेनिशा, अन्नू उर्फ हनिका और बाबू को भी परिवार हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि चारों जहरीली गैस के प्रभाव में आये है।

उनकी सांस नली से जहरीली गैस शरीर में फैल गई है। चारों का 2 निजी अस्पतालों के आईसीयू में उपचार चल रहा था। इस दौरान दोपहर में त्रिशा की सांस थम गई। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। डेढ़ माह की बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। शाम 6 बजे के लगभग पोस्टमार्टम के बाद बालिका का शव परिजनों को सौंपा गया। तभी कुछ देर बाद खबर मिली कि आईसीयू में भर्ती 4 वर्षीय अन्नू उर्फ हनिका की सांस भी थम गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को त्रिवेणी हिल्स बुलाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल 2 बालिका की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। जांच जारी है, डॉक्टर आईसीयू में भर्ती 2 मासूमों पर नजर बनाये हुए है।

### गेहूं के ड्रमों में रखी थी कीटनाशक

पुलिस की प्रारंभिक जांच और पूछताछ में पता चला है कि मासूमों के नाना ने चार क्विंटल गेहूं चार ड्रमों में भरकर रखा था। गेहूं में कीड़े ना लगे इसको लेकर कीटनाशक दवा भी रखी गई। रात में चारों मासूम अपनी मां के साथ उसी कमरे में सोये थे, जहां गेहूं के ड्रम रखे थे। कमरे में वेंटिलेशन नहीं था, जिसके चलते गेहूं में रखे कीटनाशक की गैस कमरे में फैली और चारों मासूम प्रभाव में आ गये। कम उम्र के होने पर उन पर जहरीली गैस का प्रभाव काफी अधिक हुआ और हालत बिगड़ गई। घटनाक्रम के बाद से प्रजापत परिवार की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे।

#### हीरामिल की चाल में हुई घटना, 2 फरार आरोपियों की तलाश ....

# दादी के घर में छुपा था गोली मारने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हीरामिल की चाल में सोमवार-मंगलवार रात 3 बदमाशों ने पुरानी रंजीश में एक युवक को गोली मार दी थी। घटनाक्रम के कुछ घंटों बाद गोली मारने वाले बदमाश को उसकी दादी के घर से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेशकर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके 2 साथी फरार है, जिसमें कुख्यात बदमाश अनमोल गुर्जर शामिल है।



विष्णुपुरा में रहने वाला लव पिता चंद्रकांत निर्मल रात 12.30 बजे के लगभग 2 दोस्त ध्रुव और देव के साथ हीरामिल की चाल स्थित ब्रिज के नीचे ख?ी बाइक लेने पहुंचा था। उसी दौरान बाइक से आये 3 बदमाशों ने उस पर फायर कर दिया। 2 गोली चलाई गई, जो लव निर्मल के पैर में लगी, बदमाश हमला करने के बाद भाग निकले। घायल लव को दोस्त ध्रुव और देव कार से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। गोली चलने की खबर मिलते ही देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर, एसआई राधेश्याम आवलिया अस्पताल पहुंचे। घायल से पूछताछ में पता चला कि गोली मारने वाला जय उर्फ बच्चा है। उसके साथ अनमोल गुर्जर और एक अन्य भी था। घायल के बयान दर्ज कर थाना प्रभारी ने हमला करने वालों की तलाश शुरू की। मंगलवार सुबह जय उर्फ बच्चा पिता मंगल चौहान 18 साल निवासी शांतिनगर हाल मुकाम हीरामिल की चाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अनमोल गुर्जर और एक अन्य के साथ मिलकर गोली मारना कबूल कर लिया। मंगलवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्त में आये गोली मारने वाले बदमाश जय चौहान का जुलूस निकाला और कोर्ट में पेश किया। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि आरोपी को 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। जिस कट्टे से गोली चलाई गई थी, वह अनमोल गुर्जर लेकर भाग है। उसके गिरफ्त में आने पर तीसरे साथी का नाम पता सामने आ पायेगा। गिरफ्त में आये जय उर्फ बच्चा के खिलाफ पूर्व में भी 6 अपराध दर्ज है।

### दोस्त की बारात से लौटा था घायल लव

घायल लव ने बताया कि वह राज रॉयल कालोनी में रहने वाले ध्रुव और देव के साथ दोस्त रोहित की बारात में शामिल होने ग्राम करोहन कार से गया था। उसने बाइक हीरामिल ब्रिज के नीचे ख?ी की थी। रात में वापस लौटकर बाइक लेने पहुंचा था, उसी दौरान गोली मारी गई है। वह ड्रायवरी करता है। सालभर पहले विशाल सांडिया से विवार हुआ था, जो अनमोल गुर्जर का साथी है।

### गोली मारने के बाद हीरामिल में छुपा था बच्चा

थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि जय उर्फ बच्चा मूलरूप से शांतिनगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह पिता के साथ नहीं रहता है। उसकी दादी हीरामिल की चाल में रहती है, अधिकांश समय बच्चा दादी के घर पर ही रहता है। पुलिस ने हीरामिल की चाल में दादी के घर दबिश मारी तो जय उर्फ बच्चा वहीं छुपा था। जिसे हिरासत में लिया गया।

# रात 3 बजे घायल के दोस्त ने मंदिर के पास फैलाया था खून

### गोलीकांड निकला षडयंत्र, 2 हिरासत में

**उज्जैन।** ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात हुई गोली चलने की घटना षडयंत्र होना सामने आया है। घायल ने दोस्त को रात 3 बजे मंदिर के पास भेज खून फैलाया था। मंगलवार को मामले का खुलासा कर पुलिस ने घायल और उसके साथी को हिरासत में लिया है। अन्य साथियों की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाने पर 11 अप्रैल (शनिवार) की रात 11.30 बजे ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपिन माहुरकर पहुंचा था। उसने बताया कि एक्टिवा से 2 नकाबपोश आये थे और गोली मारी है। खून निकलता देख पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। अतिक ने खुद को कक्षा 12 वीं का छात्र और पिता आर्मी से रिटायर्ड होना बताया। उसने आला बाथम पर पुरानी रंजीश में गोली मारने का शक जलाया। पुलिस ने आला बाथम के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। रातभर की तलाश के बाद 12 अप्रैल की सुबह पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां काफी कम खून फैला होना सामने आया। घायल से दोबारा पूछताछ शुरू की तो उसके बयान मे विरोधाभास सामने आया। मामला संदिग्ध होने पर ढांचा भवन में सर्चिंग शुरू की गई और कैमरे देखे गये। कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर के मकान पर काफी खून फैला होना सामने आया। पुलिस ने घायल की मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी होने पर सख्ती से पूछताछ शुरू की तो घटना षडयंत्र होना सामने आ गई। पुलिस ने अतिक को हिरासत में लेकर उसके साथी राहुल चौहान को हिरासत में ले लिया। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि षडयंत्र में रौनक गुर्जर, बंटी मालवीय और दीपक परमार शामिल थे, जिनकी तलाश जारी है।

**राहुल चौहान ने मंदिर के पास फैलाया खून-** पुलिस के अनुसार अतिक से पूछताछ में पता चला कि रात में राहुल चौहान अस्पताल पहुंचा था। जहां उन्होने ड्रीप की नली निकालकर खून निकाला और रात 3 बजे राहुल क्षेत्र के शिव मंदिर के पास पहुंचा, जहां उसने घटना से पुलिस को भ्रमित करने के लिये खून फैलाया, लेकिन वह काफी कम था। पुलिस जांच के दौरान बंटी मालवीय का नाम सामने आया था। लेकिन पूछताछ में उसने अतिक के साथ होने से इंकार कर दिया था। अतिक से पूछताछ में पता चला कि गोली चलाने के दौरान बंटी साथ था, उसने मनोहर गुर्जर के घर छो?ा और एक्टिवा के साथ कट्टा छुपाने के लिये ले गया। दीपक परमार घटना के बाद अतिक को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेकर पहुंचा था। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिये वास्तविक घटनास्थल अरूण किराना स्टोर्स के पास को छिपाने के उद्देश्य से दूसरे स्थान पर खून फैलाया था।

**रौनक गुर्जर साजिश में था शामिल-**अतिक ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह रौनक गुर्जर का साथी है। गोली चलने के बाद रौनक गुर्जर को फोन पर घटना बताई थी। उसने ही झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये कहा और पुलिस को गुमराह करने की बात कहीं थी।

# हिरासत से भागने का प्रयास कर रहा बदमाश गिरकर हुआ घायल

### फरार साथियों का ठिकाना बताने पुलिस के साथ गया था मक्सीरोड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ढांचा भवन स्थित मकान में हुई आगजनी की घटना में शामिल बदमाश ने मंगलवार रात पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया लेकिन अंधेरे में गिरकर घायल हो गया। बदमाश का पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराया गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात 12 से 15 बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी और गोलियां चलाई थी। मकान में लगी आग की शिकायत रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो उसमें 5 बाइक से आये बदमाश आगजनी के साथ गोली चलाते दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये थे। सोमवार-मंगलवार रात आगजनी में शामिल कमल पिता संतोष परमार 22 साल निवासी निजातपुरा को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसने आगजनी में अपने साथी यशवेन्द्र उर्फ छिंगू बुंदेला, किशोर पटेल, मोहित पटेल, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चिनू मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कू मराठा, राहुल उर्फ भय्यू गोहर, निक्कू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी के नाम बताये। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनो?िया ने उसके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ शुरू की।





कमल ने बताया कि रात में साथियों का ठिकाना मक्सीरोड श्री सिंथेटिक्स के जंगल में होता है। थाना प्रभारी कनो?िया, एसआई जयदीप राठौर, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, जगदीश के साथ उसे लेकर साथियों की तलाश में मंगलवार रात श्री सिंथेटिक्स के जंगल पहुंचे, जहां अंधेरे का फायदा उठाकर कमल ने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया। लेकिन खंडहर हो चुकी श्री सिंथेटिक्स के मार्ग पर पत्थरों से टकराने के बाद बदमाश कमल गिर गया और उसके पैर में चोंट लगी। पुलिस ने उसे तत्काल दबोच लिया और कस्टडी में लेकर रात 11 बजे चरक अस्पताल आई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वापस थाने ले जाया गया।

### इनका कहना

बदमाश साथियों का ठिकाना बताने के बहाने लेकर पहुंचा था, जहां भागने का प्रयास करते समय गिरकर घायल हुआ है। उसके साथियों के नाम सामने आ चुके है। पुलिस की एक टीम गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

**विवेक कनो?िया**
**थाना प्रभारी चिमनगंज**


## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्री मनीष कुमार डावर पिता श्री हरिशचन्द्र डावर, निवासी-ए-508, तिरूपति हाईट, उज्जैन के द्वारा प्राप्त जानकारी एवं माहिती अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा उसके साथ आज से लगभग एक वर्ष पूर्व संयुक्त निवास के दौरान अक्षत पिता पंकज गोयल निवास करता था वर्तमान स्थिति में अक्षत गोयल के द्वारा संपूर्ण दस्तावेजों में मेरे पक्षकार का नाम पिता के रूप में अंकित करवाकर सामाजिक रूप से संस्थान में उपयोग कर रहे हैं जिसके संबंध में मेरे पक्षकार को आपत्ति हैं, अक्षत द्वारा किसी भी संस्थान, बैंक, शासकीय निकाय, कार्यालयीन उपयोग तथा लेन-देन, गिरवी, ऋण अगर किसी प्रकार से लेन-देन में मेरे पक्षकार के नाम का उपयोग किया जाता तो उसके संबंध में मेरे पक्षकार का कोई लेना-देना नही होगा और न ही उसके लियें वह जिम्मेदार होगा, मेरे पक्षकार ने अक्षत से व्यक्तिगत रूप से पारिवारिक रूप से संपूर्ण संबंध अक्षत तथा उसकी माता से समाप्त कर लिये हैं जिसके लियें वे व्यक्तिगत रूप से किये गये कार्य के लियें व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगें। सूचित हो। इति दिनांक 14/4 /2026

**देवेंद्र सिंह सिंगर हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-सनशाईन टॉवर, सेकण्ड फ्लोर, प्रियदर्शनी चौराहा, उज्जैन मो. 9425379156**


### गुदरी चौराहा पर रेस्टोरेंट में लगी आग

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के गुदरी चौराहा पर मंगलवार रात महाकाल रेस्टोरेंट में आग लग गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्टोरेंट से लोगों को बाहर निकाला। कुछ देर में फायर बिग्रेड की दमकले मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा था कि रेस्टोरेंट के किचन में शार्ट सर्किट होने के बाद आग फैली थी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामी सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलालजी कौशल उम्र 49 वर्ष व्यवसाय व्यवसाय निवासी 22. सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्ग, उज्जैन, म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य के भूखण्ड क्रमांक 1-ए व भूखण्ड क्रमांक 1-बी जोकि सर्वे क्रमांक 1543/1 में का माग व सर्वे क्रमांक 1544 में का माग एम. आर. 5 रोड मकोडिया आम क्षेत्र, उज्जैन से लगी हुई हैं। जोकी फ्रि होल्ड राइट्स का हैं तथा मुख्य मार्ग पर स्थित हैं तथा भूखण्ड क्रमांक ए-आ क्षेत्रफल 167-17 वर्गमीटर अर्थात् 1800-00 वर्गफीट व भूखण्ड क्रमांक 1-बी का क्षेत्रफल 167-17 वर्गमीटर अर्थात् 1800-00 वर्गफीट होकर विक्रीत भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 334-34 वर्गमीटर अर्थात् 3600-00 वर्गफीट में स्थित हैं जो फ्री होल्ड है तथा आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग के हैं। लंबाई- उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 36.58 मीटर चौडाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 9.14 मीटर कुल क्षेत्रफल कुल क्षेत्रफल 334-34 वर्गमीटर अर्थात् 3600-00 वर्गफीट है को मय जमीन तला एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई हैं। मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखंड के बाबत अपने हित में रजिस्ट्री करवाली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 14-04-2026, उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2. द्रविड़ मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**

## हम कैसे होंगे उदार



घृणा और नाराजगी की तरह क्रोध भी बड़ा ही विक्षोभकारी, परेशान करने वाला है; और आम तौर पर हम बिना शब्द दिए क्रोध का सीधा अनुभव नहीं कर पाते। यदि हम उसे शब्दों में न बांधें, यदि हम उसे क्रोध न कहें, तो निस्संदेह वह एक अलग अनुभव होता है। नाम देने से हम उस नए अनुभव को पुराने अनुभवों में शामिल कर लेते हैं, जबकि यदि इसे हम कोई नाम न दें, तो यह एक ऐसा अनुभव होता है, जिसे हम तत्काल, सीधे-सीधे समझ पाते हैं और यह समझ उस अनुभव में एक परिवर्तन लाती है। जैसे आप क्षुद्रता, ओछेपन को ही ले लीजिए। हममें से अधिकतर व्यक्ति, यदि हम क्षुद्र हैं, उसके प्रति सजग नहीं होते हैं। क्षुद्रता, जो कि धन के मामलों में हो सकती है, जो लोगों को क्षमा करने के बारे में हो सकती है; आप जानते ही हैं, क्षुद्रता का क्या अर्थ है। मुझे विश्वास है कि हम सब उससे परिचित हैं। तो उससे परिचित होने पर उस स्वभाव से हम कैसे अपने को मुक्त करेंगे? ऐसा नहीं है कि हमें उदार बनना है, वह महत्वपूर्ण बात नहीं है। क्षुद्रता से मुक्त होने में उदारता निहित है, ऐसा नहीं है कि आपको उदार बनना पड़ेगा। स्पष्ट है, उसके प्रति सजग होने की आवश्यकता है। आप अपने समाज को, अपने मित्रों को बड़े-बड़े दान देने में उदार हो सकते हैं, परंतु कुछ अधिक बख्शीश देने में हो सकता है कि आप सिरे से क्षुद्र हों और आप समझ रहे होंगे कि क्षुद्रता से मेरा क्या मतलब है। व्यक्ति उसके प्रति सचेत नहीं होता। जब व्यक्ति उसके प्रति सजग हो जाता है, तब क्या होता है? हम उदार होने के लिए अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग करते हैं। हम क्षुद्रता को जीतने का प्रयास करते हैं। हम उदार होने के लिए अपने को अनुशासित करते हैं और इसी प्रकार के बहुत से प्रयत्न हम किया करते हैं। परंतु आखिरकार, कुछ होने-बनने के लिए इच्छाशक्ति का प्रयोग अभी भी एक बड़े घेरे में क्षुद्रता ही है, छोटापन ही है। अतः यदि हम इस सबमें से कुछ न करें और बिना कोई नाम दिए क्षुद्रता के निहितार्थों के प्रति जागरूक भर रहें, तो देखेंगे कि एक मूलभूत परिवर्तन संभव होता है। कृपया इसके साथ प्रयोग करके देखें। सर्वप्रथम, व्यक्ति का विक्षुब्ध होना, परेशान होना जरूरी है, मगर जाहिर सी बात है कि हममें से अधिकांश परेशान होना पसंद नहीं करते। हम सोचते हैं कि हमने एक जीवन पद्धति खोज ली है, कोई महात्मा, कोई धर्म और वहीं हम ठिकाना बना लेते हैं। हम विक्षुब्ध होने, अंदर से असुरक्षित होने, किसी पर आश्रित न होने के महत्व को नहीं समझते। हमेशा यह याद रखें, केवल असुरक्षा में ही खोज की संभावना है, अवलोकन की संभावना है, समझ की संभावना है।

**सम्पादकीय**

# फिर युद्ध को हवा

अमेरिका-ईरान वार्ता नाकाम होने के बाद दुनिया में आर्थिक तनाव का का पारा फिर चढ़ने लगा है। विश्व स्तर पर तेल की कीमतों में फिर उछाल का दौर शुरू हो गया है, तो सोमवार को भारतीय शेयर बाजार भी गिरावट के साथ बंद हुआ है। यह ताजा तनाव अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के विफल होने और अमेरिका द्वारा ईरानी बंदरगाहों के आसपास नौसैनिक नाकाबंदी करने के एलान के बाद पैदा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि किसी भी समय ईरान पर हमला शुरू हो सकता है। अगर ऐसा हुआ, तो कच्चे तेल के भाव में और तेजी आएगी। कच्चे तेल या ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत बढ़कर 102 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है। यह भारत के लिए अच्छा नहीं है। यहां सरकार को उम्मीद थी कि शांति वार्ता कामयाब हुई, तो तेल से उपजा तनाव घट जाएगा। ध्यान रहे, ज्यादातर देशों में तेल की कीमत में 30 प्रतिशत तक इजाफा हो चुका है, पर भारत में सामान्य पेट्रोल, डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। सवाल और गहरा गया है कि भारत तेल की कीमतों को कब तक रोकेगा?

यह नई बात नहीं है, जब एक समस्या आती है, तब अपने साथ समस्याओं का एक सिलसिला भी लाती है। जब किसी समस्या को सुलझाने में नाकामी मिलती है, तब उससे भी समस्याओं में इजाफा होता है। अमेरिका ने होर्मुज के नाकाबंदी की ठान रखी है। वह ईरानी जहाजों की तलाशी ले सकता है, पर गैर-ईरानी जहाजों को आसानी से जाने देगा। इससे यह पता चलता है कि अमेरिका तेल आपूर्ति को लेकर सजग है। ईरान पर हमले का असर अगर होर्मुज पर नहीं पड़ता, तो संभव है, दुनिया को अमेरिका से परेशानी नहीं होती। कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से अमेरिका को कोसने वाले देशों और लोगों की संख्या बढ़ी है। ईरान चूंकि लंबी लड़ाई का इच्छुक नहीं है, तो वह होर्मुज को बाधित करके जल्दी फैसला चाहता है। अब अमेरिका होर्मुज की नाकाबंदी करेगा, तो ईरान भी चुप नहीं बैठेगा। ऐसे में, युद्ध किसी भी समय भड़क उठेगा। वास्तव में, अमेरिका ने युद्ध की रणनीति में बदलाव किया है। वह ऐसे कदम उठाएगा, ताकि दुनिया के देश उसके पक्ष मे खड़े हो जाएं। पहले वह अपने लिए युद्ध लड़ रहा था, लेकिन अब वह यह जताने की कोशिश करेगा कि वह दुनिया के लिए युद्ध लड़ रहा है। ऐसा करते हुए, उसकी रणनीति होगी कि ईरान को दुनिया के ज्यादातर देश कठघरे में खड़ा कर दें। ईरान के खिलाफ गुस्सा फूट पड़े।

### (डॉक्टर की चुप्पी टूटी तो सामने आया सिस्टम का काला चेहरा)

# इलाज या कारोबार? सफेद कोट के पीछे का सच

हाल ही में सामने आई एक युवा डॉक्टर की कहानी ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। कैमरे के सामने आकर उसने जिस साहस के साथ अपनी नौकरी छोड़ने का कारण बताया, वह केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उसने कहा कि उस पर दबाव डाला जाता था कि अधिक से अधिक मरीजों को भर्ती किया जाए-चाहे उनकी स्थिति गंभीर हो या नहीं। इतना ही नहीं, कई बार मरीजों को आवश्यकता से अधिक समय तक आईसीयू में रखा जाता था, ताकि अस्पताल का बिल बढ़ सके। यह सुनने में जितना चौंकाने वाला है, उससे कहीं अधिक चिंताजनक है। क्योंकि स्वास्थ्य सेवा कोई साधारण सेवा नहीं है; यह विश्वास, जिम्मेदारी और नैतिकता पर आधारित एक संवेदनशील क्षेत्र है। जब इसी क्षेत्र में मुनाफाखोरी और अनैतिक प्रथाएँ जगह बनाने लगती हैं, तो इसका प्रभाव सीधे मानव जीवन पर पड़ता है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पहले से ही कई चुनौतियों से घिरी हुई है-सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी, और निजी अस्पतालों में महँगी इलाज व्यवस्था। ऐसे में आम नागरिक अक्सर निजी अस्पतालों की ओर रुख करता है, इस उम्मीद में कि वहाँ बेहतर और त्वरित इलाज मिलेगा। लेकिन यदि वहीं उसे अनावश्यक भर्ती, बेवजह जाँच और बढ़े हुए बिलों का सामना करना पड़े, तो यह न केवल आर्थिक बोझ बनता है, बल्कि मानसिक रूप से भी उसे तोड़ देता है।

इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या चिकित्सा अब सेवा नहीं, बल्कि एक व्यवसाय बनती जा रही है? क्या डॉक्टरों पर भी ऐसे दबाव बनाए जा रहे हैं, जो उन्हें उनके पेशे की मूल भावना से दूर कर देते हैं?

यह समझना जरूरी है कि हर डॉक्टर या हर अस्पताल इस तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं होता। आज भी देश में हजारों डॉक्टर ऐसे हैं, जो सीमित संसाधनों के बावजूद पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ मरीजों का इलाज करते हैं। लेकिन कुछ संस्थानों की गलत नीतियाँ और लालच पूरे पेशे की छवि को धूमिल कर देते हैं। डॉक्टर द्वारा उठाया गया यह कदम-नौकरी छोड़ना-आसान नहीं होता, खासकर तब जब मेडिकल शिक्षा पर लाखों रुपये खर्च होते हैं और एक स्थिर करियर का दबाव भी होता है। ऐसे में अपनी नैतिकता के लिए खड़ा होना एक साहसिक निर्णय है। यह हमें यह भी दिखाता है कि सिस्टम के भीतर काम कर रहे कई लोग इस स्थिति से असहज हैं, लेकिन हर कोई खुलकर सामने नहीं आ पाता।

यह समस्या केवल अस्पताल प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक तंत्र का हिस्सा बन चुकी है। बीमा कंपनियाँ, फार्मा इंडस्ट्री और निजी अस्पतालों के बीच एक जटिल संबंध बन गया है, जिसमें कभी-कभी मरीज केवल एक केस या क्लाइंट बनकर रह जाता है। इलाज का उद्देश्य स्वास्थ्य सुधार से हटकर राजस्व बढ़ाने की ओर झुकने लगता है।

आईसीयू में अनावश्यक रूप से मरीजों को रखना केवल आर्थिक शोषण ही नहीं, बल्कि एक गंभीर नैतिक अपराध भी है। आईसीयू जैसे संवेदनशील स्थान पर मरीज और उनके परिजन पहले से ही मानसिक दबाव में होते हैं। ऐसे में यदि उस स्थिति का फायदा उठाकर बिल बढ़ाया जाए, तो यह विश्वासघात की श्रेणी में आता है।

इसके अलावा, अनावश्यक जाँच और उपचार भी एक बड़ी समस्या है। कई बार मरीजों को ऐसे टेस्ट करवाए जाते हैं, जिनकी तत्काल आवश्यकता नहीं होती। इसका सीधा असर उनकी जेब पर पड़ता है, और कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं।

इस स्थिति का एक और खतरनाक पहलू यह है कि इससे समाज में डॉक्टरों के प्रति विश्वास कम होने लगता है। जब लोग यह सोचने लगते हैं कि डॉक्टर उनके इलाज से ज्यादा उनके बिल पर ध्यान दे रहे हैं, तो यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक गंभीर संकट बन जाता है। डॉक्टर और मरीज के बीच का संबंध विश्वास पर आधारित होता है, और जब यह विश्वास टूटता है, तो उसका पुनर्निर्माण आसान नहीं होता।

तो फिर समाधान क्या है?

सबसे पहले, स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। अस्पतालों को अपने शुल्क, उपचार प्रक्रिया और भर्ती के मानकों को स्पष्ट रूप से सार्वजनिक करना चाहिए। मरीज और उनके परिजनों को यह जानने का अधिकार है कि उन्हें कौन-सा इलाज क्यों दिया जा रहा है।

दूसरा, नियामक संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करना होगा। सरकार और संबंधित स्वास्थ्य प्राधिकरणों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अस्पतालों में नैतिक मानकों का पालन हो रहा है। अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

तीसरा, डॉक्टरों को भी एक सुरक्षित और स्वतंत्र कार्य वातावरण मिलना चाहिए। यदि उन पर प्रबंधन की ओर से अनैतिक दबाव डाला जाता है, तो उनके पास शिकायत करने और न्याय पाने का एक मजबूत तंत्र होना चाहिए। व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है।

चौथा, मरीजों और समाज को भी जागरूक होना होगा। हमें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर सवाल पूछने चाहिए। इलाज के दौरान दूसरी राय लेना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

इसके साथ ही, मेडिकल शिक्षा में नैतिकता को और अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। डॉक्टर बनने की प्रक्रिया केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें मानवीय मूल्यों और जिम्मेदारी की भी गहरी समझ होनी चाहिए।

अंततः, यह समझना जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवा कोई सामान्य उद्योग नहीं है। यह सीधे मानव जीवन से जुड़ा हुआ क्षेत्र है, जहाँ हर निर्णय का असर किसी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में लाभ कमाना गलत नहीं है, लेकिन वह नैतिक सीमाओं के भीतर होना चाहिए।

जिस डॉक्टर ने अपनी नौकरी छोड़कर यह सच्चाई सामने रखी, उसने केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं लिया, बल्कि समाज के सामने एक आईना रखा है। यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है कि यदि हमने समय रहते इस दिशा में सुधार नहीं किया, तो स्वास्थ्य सेवा का वह स्वरूप, जिस पर हम भरोसा करते हैं, धीरे-धीरे खो सकता है।

## दूधिया साजिश

अमावस की उस भारी रात में, शहर की आखिरी सीमा पर बसे उस ढाबे की बत्तियां रह-रहकर झपक रही थीं। जब वेटर ने मेज पर वह मटमैली कड़ाही रखी, तो मसालों की तीखी गंध के पीछे से एक ऐसी गंध उभरी जो किसी पुरानी फैक्ट्री के जलते हुए रबर की याद दिला रही थी। तरी के उस लाल खौलते दरिया के बीच वह सफेद क्यूब ऐसे पड़ा था, जैसे किसी कब्रिस्तान की शांति के बीच एक ताजा सफेद कफन। मैंने चम्मच उठाया और उसे काटने की कोशिश की, पर वह कटा नहीं। वह तो बस एक तरफ झुक गया, जैसे कोई मृत देह दबाव पाकर अपनी दिशा बदल लेती है। उसकी सतह इतनी चिकनी और कृत्रिम थी कि रोशनी उससे टकराकर वापस लौट रही थी। वह पनीर नहीं था, वह तो दूध के वेश में आया कोई ऐसा सिंथेटिक अभिशाप था जिसे किसी अंधेरी लैब में रसायनों और प्लास्टिक की नसों से बुना गया था।

जैसे ही मैंने उस टुकड़े को थाली के किनारे पर दबाया, एक ऐसी मद्धम और डरावनी आवाज आई जैसे कोई पुराना चमड़ा खींच रहा हो। वह वापस अपनी मूल आकृति में लौट आया, जैसे उसमें कोई अपनी मर्जी की जान बसी हो। उसे देखकर मन में पहला विचार यही कौंधा कि क्या इसे किसी गाय के थन से निकाला गया है या किसी पुराने ट्रक के टायर को पिघलाकर सांचों में ढाला गया है। उसकी सफेदी में वह मासूमियत नहीं थी जो भूख मिटाती है, बल्कि वह भयावह चमक थी जो आगाह कर रही थी कि यहाँ से वापसी का रास्ता बंद है। चम्मच और उस पत्थर जैसे टुकड़े के बीच का वह संघर्ष किसी युद्ध से कम नहीं था, जहाँ जीत हमेशा उस निर्जीव रबर की ही हो रही थी। वह ग्रेवी को अपने शरीर पर ऐसे सरका रहा था जैसे कोई चिकना सांप कीचड़ से निकल जाता है।

जब वह टुकड़ा दांतों के बीच पहुंचा, तो असली भयावहता का अहसास हुआ। वह चबाने पर कटता नहीं था, बल्कि दांतों और मसूड़ों के बीच एक ऐसा तनाव पैदा कर रहा था जैसे कोई किसी मजबूत इलास्टिक को फाड़ने की कोशिश कर रहा हो। उसे जितना दबाया गया, वह उतना ही कठोर और प्रतिरोधी होता गया। ऐसा लगा जैसे मुँह के अंदर कोई जीवित परजीवी प्रवेश कर गया है जो कटने के बजाय आपके जबड़ों की ताकत को ही सोख रहा है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15 अप्रैल 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:10 सूर्यास्त 18:44
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 22:30 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - पूवार्भाद्रपद 15:23 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - ब्रह्म 13:25 उपरांत ऐन्द्र
करण - गर
चन्द्रमा - कुंभ में है। 09:37 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 26 तारिख

**मेष-** उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा।

**वृषभ-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**मिथुन-** भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा।

**कर्क-** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**सिंह-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**कन्या-** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा।

**तुला-** लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा।

**धनु-** महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर-** भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ-** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन-** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**[प्रसंगवश: आशा भोसले का निधन]**

## सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई – आशा भोसले

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानो उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों-जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो।



बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहाँ अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म शचुनरिया के गीत सावन आया से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरूआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरूआत एक ऐसी सशक्त आवाज का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी। उनके करियर में सफलता और ऊँचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। तीसरी मंजिल का आजा आजा, हरे राम हरे कृष्णा का दम मारो दम और उमराव जान का दिल चीज क्या है भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया।

व्यक्तिगत जीवन में आशा भोसले ने कई संघर्षों का सामना किया, जिसने उन्हें सशक्त बनाया। कम उम्र में विवाह, पारिवारिक असहमति और बाद में वैवाहिक अलगाव ने उनके जीवन को प्रभावित किया, फिर भी बच्चों-हेमंत, वर्षा और आनंद-की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने संगीत से दूरी नहीं बनाई। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। बहन लता मंगेशकर के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन संगीत ने उन्हें हमेशा जोड़े रखा। उन्होंने आशा नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई।



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

# गीत संगीत में नयापन तलाशने वाली आशा ताई ने कहा अलविदा....।

शब्दो की आत्मा व सूरो का पंचम स्वर, गीत संगीत में नयापन तलाशने वाली आशा ताई ने दुनिया से कहा अलविदा। दूर आसमान में वह चमचमाता हुआ तारा बन गई। गीत संगीत की स्वर ₹साधना₹ में प्रतिष्ठित गायिका आशा भोंसले ने हिंदी फिल्मों में सबसे अलग गानों व सदाबहार गीत संगीत को देकर जो सेवा की थी। वह फिल्म जगत के रजत पटल पर हमेशा उदित रहेगी। ऐसी महान विभूति जिन्होंने अपनी गायिकी से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया था , वहीं आशा भोसले ताई का आज निधन हो गया। गीत संगीत व फिल्मों के रसिक श्रोताओं का मन आज उदास है। कितनी पीढ़ियों ने उनके गाएं गीतों में आंनद व सुकुन मेहसूस किया था और आज भी कर रही है। प्रसिद्ध गायिका पद्मभूषण आशा भोसले की संगीत यात्रा ग्रामाफोन के युग से शुरू हुई और आज के नये जमाने में यूट्यूब तक की लम्बी यात्रा की थी, यही सबसे बड़ी बात है। गीत संगीत के लिए ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित भारत की पहली महिला थीं। आप की गायकी हर किसी को नाचने गाने के साथ झुमने को मजबूर कर देती थी। आप की गाने में सुमधुर स्वर तो होते थे, खासकर सबसे हटकर नयापन तलाशने की चाह ने संगीत की दुनिया का महान सितारा बना दिया। हिंदी फिल्मों में हर एक अभिनेत्री में आप की आवाज का ऐसा रंग देखा। सदाबहार अभिनेत्री रेखा जैसी कलाकार तो आशा ताई की आवाज में अपनी अंतर स्वर को आत्मतृप्त कर देती थी। जो परदे पर फिल्म में दिखाई देता था। पुराने जमाने से लेकर नये आधुनिक युग में हर किसी अभिनेत्री से उनकी आवाज घुल मिल जाती थी। फिल्म रंगीला में उर्मिला मातोंडकर का गीत ₹ हो जा रै रंगीला रे। या जीनत अमान के लिए ₹दो लफ़्जों की है.....। यहां फिर दर्द में डूबीं नायिका के डिंपल कपाड़िया के लिए ₹किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है..ङ्ख। हर दौर में आशा ताई के गाएं गीतों का अपना अलग दौर रहा, जैसे पान खाए साईयां हमार ....। फिल्म जगत की महान गायिका का कारवां आज जरूर थम गया, पर उनके गीतों की दिवानगी कल भी थी, और आज भी है। उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा, रेखा की फिल्म उमराव जान में गीत गजल ठुमरी दादरा आदि गायन कर उन्होंने अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया था। उसमें गाएं गाने ₹इन आंखों की मस्ती के.... या फिर ₹ दिल चीज क्या है आप मेरी जान लिजिए...। ऐसे गीतों की सुमधुर स्वर की मलिका संगीत की दुनिया की वहां सही में अनमोल आशा ही थी। तभी तो उन्होंने 14 भाषाओं में 12 हजार से अधिक गाने गाएं हैं। वहीं किशोर कुमार के साथ उन्होंने लगभग 600 से ज्यादा युगल गीत गाएं, वसेर्टाइल आवाज की मलिका आशा ताई ने उनके जीवन में बहुत संघर्ष तो किया, लेकिन आपने आप में उसे हावी नहीं होने दिया। वह आगे बढ़ती रही गीत गाती रही, हर एक विधा में गीत गजल के साथ भजन में भी उन्होंने गाया, ₹तोरा मन दर्पण कहलाए.ङ्ख..। कुलमिलाकर अपनी और अपने घराने की गायकी की साधना में लीन वह सुरों की मलिका ही थी, जो अब इस दुनिया से चली गई, पर उनकी आवाज उनके गीत सदियों तक हमारे दिलो पर राज करते रहेंगे , शब्दों की भावनात्मक श्रद्धांजलि ,अलविदा आशा ताई शत-शत नमन।।




हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)



**धर्म-आस्था**

# ज्येष्ठ अधिक मास का महत्व

प्रत्येक तीन वर्ष के अन्तराल से सनातन धर्म में अधिक मास आता है। इस वर्ष 2026 में ज्येष्ठ मास में अधिक मास आ रहा है। अधिक मास को मलमास तथा पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। इस मास में भगवान विष्णु के पूजन का अत्यधिक महत्व है। ज्येष्ठ मास ग्रीष्म ऋतु में आता है इसलिए इस समय प्रचण्ड गर्मी रहती है। इस मास में सूर्य और वरुण की उपासना का अधिक महत्व है।



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

भौगोलिक महत्व : विद्वानों का कथन है कि इस्वी सन् में हर चौथे वर्ष में फरवरी माह 29 दिन का होता है। अर्थात हर चौथे वर्ष में एक दिन बढ़ जाता है। 365 वाला वर्ष 366 दिन का हो जाता है। ज्योतिष के अनुसान जिस वर्ष सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण नहीं करता है, उस मास को अधिक मास कहते हैं। अधिक मास पृथ्वी के सौर चक्र में सन्तुलन बनाने का कार्य करता है। यदि यह सन्तुलन न हो तो पृथ्वी पर ऋतु चक्र परिवर्त्तित हो जाएंगे। भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ का फसल चक्र ऋतु परिवर्तन पर आधारित रहता है। अधिक मास और सौर ऋतु चक्र और चन्द्र ऋतु चक्र में सन्तुलन बनाता है। चन्द्र वर्ष और सौर वर्ष में ग्यारह दिन का अन्तर है। तीन वर्ष में ये तैंतीस दिन हो जाते हैं। तिथियों के घटने से एक माह हो जाता है, जिसे अधिक मास कहते हैं।

**वैज्ञानिक महत्व :** ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर गिरता जाता है। शरीर में भी पानी की कमी हो जाती है। लू लगना (सनस्ट्रोक) से बचना अति आवश्यक है। खानपान में रसदार फल, सत्तू, हरी सब्जियों का अधिक सेवन करना चाहिए। दोपहर में धूप से बचाव करना आवश्यक है। ठंडे जल का सेवन करना और तले हुए मसालेदार भोजन से बचना चाहिए। नींबू की शिकंजी, शरबत, केरी पना और दही की लस्सी का सेवन लाभकारी रहता है। गन्ने का रस भी गर्मी से बचाता है।

**धार्मिक महत्व :** अधिक मास में दिए गए दान का अत्यधिक महत्व है। पानी की मटकी, सत्तू, गुड़, रसदार फल, पंखे, वस्त्र आदि का दान महत्वपूर्ण है। ग्रीष्म ऋतु में आगन्तुकों को शरबत, केरी पना (झोलिया), दही की लस्सी, नींबू पानी, गन्ने का रस आदि पिलाना चाहिए। ये सभी पेय गर्मी में आवश्यक है। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाकर जल सेवा का पुण्य अर्जन किया जा सकता है। धर्मशाला आदि ठहरने के स्थानों में कूलर, सीलिंग फेन आदि लगाकर यात्रियों की सेवा की जा सकती है। यह दान प्रक्रिया का एक परिवर्तित रूप है। ए.सी.आर.ओ. पलंग आदि का दान दानदाता अपने सामर्थ्य के अनुसार कर सकते हैं। अधिक मास में अधिकतर पीले वस्त्रों का दान किया जाता है क्योंकि यह भगवान विष्णु का प्रिय रंग है। इस रंग से भाग्य में वृद्धि होती है। दीपक सायंकाल के समय जलाना चाहिए। दीप दान भी किया जाता है। विष्णुजी की पूजा का महत्व है। दीप दान से अकाल मृत्यु नहीं होती है और दरिद्रता दूर होती है।

अधिक मास में अन्नदान करने से सहज रूप से लक्ष्मीजी की प्राप्ति होती है। इस मास में तैंतीस मालपुए दान करने का विशेष महत्व है। इसके अतिरिक्त छतरी, जूते, कांसे के बर्तन, चना, दाल, गुड़, ताम्बे के बर्तन, पान, खारक, मौसमी फल, धार्मिक पुस्तकें, विष्णु पुराण, श्रीमद् भगवत गीता, चन्दन, सोना, चाँदी, दीपक, रत्न, मोती, माणिक्य भी विशेष तिथियों पर सामर्थ्य के अनुसान दान देना चाहिए। अधिक मास के प्रमुख त्योहार : ज्येष्ठ मास में रोहिणी नक्षत्र भी रहता है। गंगा दशहरा, वट सावित्री पूर्णिमा, निर्जला एकादशी आदि प्रमुख त्योहार हैं। गंगा दशहरा में नदी स्नान का महत्व है। वट सावित्री पूर्णिमा पर वट वृक्ष का पूजन आम तथा चना दाल से किया जाता है। वृक्ष को सूत का धागा लपेटकर सत्यवान सावित्री की कथा पढ़ी जाती है। पशु पक्षी के लिए जल पात्र रखे जाते हैं। पुष्कर यात्रा का महत्व है। सत्तू दान का भी महत्व है। अक्षय तृतीया पर आम, खरबूज, तरबूज आदि के दान का भी महत्व है।

**स्वास्थ्य संबंधी सावधानियाँ :** ज्येष्ठ मास में गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे समय घर के वृद्ध व्यक्तियों और चिकित्सकों की सलाह मान कर जीवन यापन करना चाहिए। धूप से बचाव करना, सूती कपड़े से नाक, कान और सिर को ढाँक कर रखना, गॉगल पहनना, अमृतधारा तथा प्याज का सेवन करना, केरी पना, नींबू पानी, रसदार फल, लस्सी, शीतल जल आदि का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,000, रवा- 1,52,800 चांदी- टंच- 2,43,500 पाट- 2,43,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जिले की 1,13,825 लाड़ली बहनों के खातों में 16.75 करोड़ रुपये से अधिक राशि सिंगल क्लिक से अंतरित

**आगर मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आष्टा (जिला सीहोर) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना की 35वीं किश्त की राशि प्रदेश की लगभग 1.25 करोड़ हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर प्रदेश स्तर पर कुल 1836 करोड़ रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की गई। इस क्रम में आगर-मालवा जिले की 1,13,825 लाड़ली बहनों के खातों में कुल 16 करोड़ 75 लाख 54 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई, जिससे हितग्राही महिलाओं को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ। आष्टा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का सीधा प्रसारण जिले के नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा एवं सुना। योजना के अंतर्गत प्रति माह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर हितग्राही महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का शिविर 17 अप्रैल को आगर में

**आगर मालवा।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, इंदौर एवं उज्जैन क्षेत्र, मुख्यालय इंदौर बेंच द्वारा 17 अप्रैल 2026 को आगर जिला मुख्यालय पर न्यायिक पीठ (फोरम) का शिविर आयोजित किया जाएगा।यह शिविर दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक (आवश्यकतानुसार समय में वृद्धि संभव) एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर के पास, कृषि उपज मंडी रोड, छावनी आगर में आयोजित होगा। जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर इस शिविर में उपस्थित हों। उपभोक्ता अपने क्षेत्र के सहायक/कनिष्ठ यंत्री के माध्यम से अथवा सीधे कार्यपालन यंत्री कार्यालय आगरध्सुसनेर या फोरम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पूर्व में पंजीयन करवाने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण शिविर के दौरान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 127 एवं 135 से 140 के अंतर्गत आने वाले विद्युत चोरी एवं माल प्रैक्टिस से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई इस फोरम में नहीं की जाएगी।उपभोक्ताओं को यह भी अवगत कराया गया है कि शिकायत दर्ज कराने अथवा फोरम से संबंधित किसी भी कार्यवाही के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा। जिला प्रशासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने एवं अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की गई है।

## कार के पिछले हिस्से में घुसी बाइक, कांच से टकराने पर युवक को आए 10 टांके



**देवास।** देवास शहर में ट्रैफिक थाने के सामने मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे स्कूटर, कार और बाइक की आपस में टक्कर हो गई। क्रॉसिंग पर ब्रेक लगने से हुए इस हादसे में बाइक सवार उछलकर कार के पिछले कांच से टकरा गया, जिससे 40 वर्षीय गोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया है, जहां प्राथमिक इलाज के दौरान चेहरे पर 10 से ज्यादा टांके लगाकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे ट्रैफिक थाने के सामने क्रॉसिंग करते वक्त एक स्कूटर सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिया। ब्रेक लगने के कारण स्कूटर के पीछे आ रही कार उससे टकरा गई। इसी दौरान कार के ठीक पीछे आ रही बाइक भी अनियंत्रित होकर कार के पिछले हिस्से में जा घुसी। पीछे से हुई यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे 40 वर्षीय गोपाल सिंह उछलकर कार के पिछले कांच से टकरा गए। कांच से टकराने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायल को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनके चेहरे पर करीब 10 से ज्यादा टांके आए हैं। हादसे के समय बाइक पर पीछे बैठे गोपाल सिंह के दोस्त राजेश मंडलोई (निवासी अमोना) ने बताया कि वे दोनों मंगलवार सुबह बाइक से इंदौर के पास स्थित एक गांव में जा रहे थे। दोनों को वहां परिवार के एक नुक्ते के कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन रास्ते में ही ट्रैफिक थाने के सामने यह सड़क हादसा हो गया।


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777


उमस भरी गर्मी बढी, कोल्ड ड्रिंक्स के साथ शीतल जल की बिक्री बढी

# एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स बिकने की आशंका, सेवन से हो सकता है नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।



उमस भरने वाली गर्मी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में कोल्ड ड्रिंक्स और शीतल पेयजल का प्रयोग बढने लगा है। ऐसे में कोल्ड ड्रिंक्स की एक्सपायरी डेट देखना बेहद जरूर है। दरअसल शहर की कई दुकानों में पिछली साल के कोल्ड ड्रिंक्स का स्टॉक मौजूद है। जानकार बताते हैं कि यह सेहत के लिए घातक हो सकता है। नियम अनुसार एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स को हटा देना चाहिए। बावजूद इसके धडल्ले से बिक्री की जा रही है। एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स पीने से सेहत को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं।

जानकार बताते हैं एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स में बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक जीवाणु हो सकते हैं, जो पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं। इससे उल्टी, दस्त, पेट दर्द और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक में एलर्जी और सेंसिटिविटी पैदा करने वाले पदार्थ हो सकते हैं। इससे त्वचा पर चकत्ते, खुजली और अन्य एलर्जी संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स में टॉक्सिन्स और अन्य हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं, जो किडनी और लिवर को प्रभावित कर सकते हैं। इससे किडनी और लिवर की समस्याएं हो सकती हैं।

### मुंह और गले में हो सकती है समस्या

एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक में एसिड और अन्य हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं, जो मुंह और गले को प्रभावित कर सकते हैं। इससे मुंह और गले में दर्द, सूजन और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। पीने से थकान और कमजोरी, सिरदर्द और चक्कर आना, पेट में गैस और दर्द, त्वचा पर चट्टे और खुजली जैसे समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स न पिएं और हमेशा ताजा और सुरक्षित पेय पदार्थों का सेवन करें।

### नियमित निरीक्षण नहीं

वही दूसरी तरफ खाद्य विभाग द्वारा न नियमित निरीक्षण हो रहा है और न ही कोल्ड ड्रिंक्स, मिठाई की दुकानों को गुणवत्ता मानकों का पालन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि विभाग सिर्फ छोटी दुकानों पर पहुंचकर सेम्पल लेते है और औपचरिकता पूर्ण कर रहे है, जबकि बडे दुकानों पर सबसे ज्यादा लापरवाही बरती जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कोल्ड ड्रिंक्स, मिठाइयों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### ग्राहक ऐसे कर सकते है शिकायत

ग्राहक दुकानदार के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया यदि कोई भी दुकानदार एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री बेचता है तो इसकी शिकायत ग्राहक खाद्य विभाग और नगरपालिका से कर सकता है। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम में भी शिकायत कर सकते हैं, ग्राहकों की शिकायत के बाद जांच की जाती है। जांच में यदि शिकायत सही पाई जाती है तो दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इसकी शिकायत ऑनलाइन और ऑफलाइन नंबर दिए गए हैं। उपभोक्ता उस पर जानकारी दे सकते हैं। इसके आधार पर कार्रवाई की जाती है। इस विषय मे खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य अधिकारी पावक ने चर्चा में निरीक्षण कर जांच पडताल कर कार्रवाई करने की बात कही है।

नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार: स्मैक तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

# 80 हजार की स्मैक बरामद, पुलिस जांच में बड़े नेटवर्क के खुलासे के संकेत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



उज्जैन जिले के महिदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई, जिसे क्षेत्र में चल रहे नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित कर गंगावाड़ी क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके पर संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक पाउडर बरामद हुआ। आरोपी से पूछताछ में नशे के इस नेटवर्क की परतें खुलनी शुरू हुईं, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल लगभग 80 हजार रुपये कीमत की स्मैक बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में सलमान पिता मकसूद अहमद निवासी केशरपुरा इंदिरा कॉलोनी महिदपुर, जाहिद शाह पिता शहजाद शाह निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर तथा अनिल राठौर पिता प्यारेलाल निवासी टापरी मोहल्ला महिदपुर रोड शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में नशे की सप्लाई कर रहे थे और इस नेटवर्क से अन्य लोगों के जुड़े होने की भी संभावना है। महिदपुर पुलिस अब इस पूरे गिरोह की जड़ तक पहुंचने के लिए जांच तेज कर चुकी है।

अधिकारियों का कहना है कि नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सख्त कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में फैल रहे नशे के जाल पर लगाम लगेगी तथा युवाओं को इस घातक लत से बचाया जा सकेगा।

## बाइक चोर 2 घंटे में पकड़ाया

**खातेगांव।** खातेगांव पुलिस ने सरकारी अस्पताल परिसर से चोरी हुई मोटरसाइकिल का मामला महज दो घंटे में सुलझा लिया है।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। खातेगांव के रहने वाले 26 साल के सूरज कहार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी पल्सर बाइक अस्पताल परिसर से चोरी हो गई है। शिकायत मिलते ही पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। पुलिस ने जांच के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। कैमरों की मदद से पुलिस ने संदिग्ध की पहचान की और भटासा के रहने वाले 37 साल के मनोज भुसारिया को धर दबोचा। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज के पास से चोरी की गई पल्सर बाइक बरामद कर ली, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए है।

## महिदपुर में दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

**महिदपुर।** महिदपुर विधानसभा के महिदपुर नगर मंडल में दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा एवं आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उज्जैन ग्रामीण भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, जनसेवा को प्राथमिकता देने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## बलेडी से उज्जैन दौड़ लगाकर 26 किलोमीटर की यात्रा पूरी की

**इंगोरिया।** ग्राम बलेडी के दो युवाओं ने सोमवार को महाकाल दर्शन के लिए 26 किलोमीटर की दूरी दौड़ कर पूरी की।



आजकल युवा लोग पैदल चलना पसंद नहीं करते वहीं पेशे से डॉक्टर रितेश राठौर और उनके भाई राहुल ने लगातार 15 किलोमीटर और थोड़ा रूक कर फिर 11 किलोमीटर की दौड़ लगाई और उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। युवकों को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए। सर्दियों के मौसम में वाहन होते हुए भी ये प्रतिदिन बलेडी से इंगोरिया जिम आने के लिए 3 किलोमीटर पैदल चल कर आते और जाते थे। कुछ युवा तो जिम में आकर साइकल चलाने के लिए कार से आते हैं।

## सांसद सोलंकी को देवास कार्यालय पहुंचकर समस्याओं से अवगत कराया

**तनोडिया।** सोमवार को आगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता देवास सांसद कार्यालय पर पहुंचकर क्षैत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सौंलकी से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया गया और हनुमान जी की तस्वीर भेंट कर सरोफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया। और कार्यकर्ताओं ने सांसद सौंलकी को सामाकोटा डेम से पेयजल एवं सिंचाई के लिए तनोडिया सहित आसपास गांवों को जोड़ने की मांग की गई। और क्षेत्र में हुए विकास कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जिस पर सांसद सोलंकी ने आश्वासन दिया है कि अतिशिघ्र ही इस ओर भी ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय,भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश परमार,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह चौहान, राजेश गोयल,सरपंच ईश्वर सिंह तवंर, राजेश देसाई,कालुसिंह चौहान, विक्रमसिंह बगडावत, मेहरबान सिंह तवंर, कालुसिंह यादव,पार्षद विक्रम बोडाना,भुरु टांक सहित सेकडो कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर हुआ आयोजन

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर दिलाई संविधान की शपथ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पखवाड़ा 10 से 25 अप्रैल 2026 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की शपथ के साथ हुई। इसके बाद डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीणा धारीवाल विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विशेष अतिथि डॉ. गुलाब मेवाड़ा विधि संकाय ने डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांत भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं। वहीं कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने स्वस्थ जीवन विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रा हर्षिता नागजी ने की। संचालन वैष्णवी मालवीय व आभार अंश राठौर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टफ, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन में प्रीतम सिंह परमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकली वाहन रैली

## प्रतिमा पर माल्यार्पण भाजपा-कांग्रेस ने भी मनाई जयंती

**बदनावर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में वाहन रैली निकाली गई। आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विभिन्न संगठनों ने पहुंचकर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अजाक्स संघ, जयस और भीम आर्मी संघ के तत्वावधान में यह वाहन रैली निकाली गई। रैली शासकीय नंदराम चोपड़ा विद्यालय परिसर से शुरू हुई, जो बस स्टैंड होते हुए आंबेडकर चौराहा पहुंची। यहां प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रैली सोमेश्वर चौराहा, दुर्गा चौक, सभामंच चौराहा, बकरा बाजार होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंची, जहां वक्ताओं के उद्बोधन के बाद इसका समापन हुआ। रैली के नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नगर भाजपा द्वारा प्रतिमा स्थल पर रंगोली बनाकर दीप जलाए गए और आतिशबाजी की गई। जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार और नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान कर सामाजिक समरसता और समानता की नींव रखी, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने दलितों, पिछड़े और शोषित वर्गों के अधिकारों, उत्थान और सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष किया।


### जाहिर सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी कमला बाई पिता गोपाल पति उकारजी निवासी ग्राम खेडा चितावलिया झीतरखेडी उज्जैन, लक्ष्मणसिह पिता गोपाल निवासी- नई आबादी बरंडवा कनासिया उज्जैन, हरी पिता गोपाल निवासी-ग्राम जयरामपुरा तहसील घटिया जिला उज्जैन, सीमा बाई पिता रामसिंह पति नारायण निवासी ग्राम भुतिया तहसील घटिया जिला उज्जैन, मंगलसिह पिता रामसिंह निवासी- ग्राम भुतिया जिला उज्जैन, जितेन्द्र पिता रामसिंह निवासी ग्राम बरलई जागरी सांवेर जिला इन्दौर, बद्रीलाल पिता गोपाल निवासी - ग्राम भांड बडोदिया ताजपुर जिला उज्जैन, भायग बाई पिता गोपाल निवासी जयरामपुरा तहसील घटिया जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नंबर 210/2/1 रकबा 0.2700 हेक्टर मे से उनके हिस्से की भुमि रकबा 0.2400 हेक्टर जो कि ग्राम जयरामपुरा तहसील घटिया जिला उज्जैन स्थित होकर को क्रय कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया है और आंशिक राशि का भुगतान कर दिया है केवल रजिस्ट्री करवाना शेष है। ग्राम उक्त भुमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा और मेरे पक्षकार अपने पक्ष में उक्त भुमि की रजिस्ट्री करवा लेवेंगे।

इति दिनांक-13.04.2026 उज्जैन

**प्रेमलता शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड जिला उज्जैन मोबा. 9826354843**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मांगीलाल पिता बालकिशन जी महाजन निवासी ग्राम रूई तहसील घटिटया जिला उज्जैन की निजी आधिपत्य एवं स्वामित्व हक हिस्से की निजी कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 246/1/1 रकबा 1.2400 हैक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टेयर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.20 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सेमल्याबीबी प.ह.न.08 तहसील घटिटया जिला उज्जैन म०प्र० में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जानें में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-14-04-2026

**ज्योतिष शर्मा (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार शमीम परवीन पति एहतेशाम निवासी 2 मदार गेट, महाकाल रोड़ उज्जैन ने श्रीमती शकुन्तला बाई राठौड़ पति श्री फकीरचन्द निवासी ढांचा भवन, सान्दीपनी नगर, उज्जैन से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमांक एसएच 281 ढांचा भवन, सान्दीपनी नगर, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 390 वर्गफीट है जो कि एक मंजिला बना हुआ होकर दो कमरे किचन व लेट बाथ बने है को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है और विक्रय मुल्य की शेष राशि अदा कर शीघ्र ही भवन के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना है। यदि उक्त भवन पर कोई व्यक्ति अपना हित, अधिकार, स्वत्व व आधिपत्य रखता हो या उक्त भवन किसी बैंक, संस्था, सोसायटी से भारित या ऋणीत हो या उस पर किसी बैंक, संस्था, व्यक्ति का कोई ऋण भार हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि 1 में मय प्रमाण मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विक्रय पत्र का पंजीयन करा लिया जावेगा व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 14/04/2026
: उज्जैन

**रजनीकांत तिवारी एडवोकेट**
**50, एम.आय.जी., इंदिरा नगर**
**आगर रोड़, उज्जैन**
**मो. 98270 85803**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी श्री विजय कुमार शर्मा पिता श्री मदनलाल शर्मा निवासी-84/10/3 तीन बत्ती चौराहा मेडतवाल धर्मशाला के पास, उज्जैन के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक पुराना 84/10 नया नं0-84/10/3 विश्वविद्यालय मार्ग, प्रकाश नगर के पीछे की गली, उज्जैन मे स्थित है। जिसकी लम्बाई पूर्व से. पश्चिम बतरफ उत्तर 13.60 मीटर व बतरफ दक्षिण 13.64 मीटर तथा चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 4.06 मीटर होकर भवन का कुल क्षेत्रफल 55.29 वर्गमीटर है। भवन की चर्तुःसीमा मे पूर्व मे रास्ता (गली), पश्चिम में मकान श्रीमती त्रिशला जैन का, उत्तर में भूमि कमलादेवी श्रीमाल की, दक्षिण में मकान आनंदीलाल का है। मेरे पक्षकार ने मनोज अग्रवाल पिता श्री रमेशचंद्र जी निवासी-दौलतगंज, स्कूल के पास, 3 मालीपुरा, उज्जैन ने भवनस्वामी से उक्त वर्णित भवन को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है।

उक्त भवन पर भवनस्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-14.04.2026

**सौरभ झांग्यानी एडवोकेट**
**कार्यालय-डीएफ-10 प्रथम तल भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड के सामने, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाइल नं-9893475352**

# हर्षोल्लास के साथ मनाई बाबा साहेब की जयंती

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

बाबा साहब न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और मानवाधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान चिंतक भी थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उक्त उद्गार संविधान निर्माता, समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि बाबा साहब के विचार थे कि शिक्षित बनों संगठित रहों और संघर्ष करों, उनके विचार हमें समानता, न्याय और मानव गरिमा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सिटी स्थित अम्बेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बाबा साहेब की जयंती अवसर पर सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि**

शुजालपुर सिटी स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम प्रात: 9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार, महान समाज सुधारक एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पूर्व पार्षद मनोहर जाटव, शहर अध्यक्ष रईस पठान, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, मोहन धनगर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

**प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ-** डॉ. अम्बेडकर की जयंती अवसर पर फ्रीगंज स्थित मालवीय धर्मशाला में कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस समारोह के पूर्व रेलवे स्टेशन के समीप से मालवीय धर्मशाला समिति सदस्यों ने चल समारोह निकाला, जिसमें बाबा साहेब अमर रहे के नारे गुंजे। मालवीय धर्मशाला में समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान अतिथि ने किया। इस दौरान मंत्री परमार ने मालवीय समाज धर्मशाला में बाबा साहेब एवं अन्य महापुरूषों के जीवन चरित्र को समझने के लिए पुस्तकालय बनाने के निर्णय की सरहाना करते हुए सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व की बात कही।

## पाइपलाइन कार्य के दौरान बड़ा हादसा, क्रेन गिरने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत

**शाजापुर (उज्जैन)।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर कुमारिया पाइपलाइन के पास एक हादसा हो गया। क्रेन का संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर पर जा गिरी, जिससे ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना दोपहर करीब 2: 30 बजे हुई। पाइपलाइन कार्य के दौरान बड़ा हादसा, क्रेन गिरने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के कुमारिया खास के पास बल्डी पर गुप्ता कंस्ट्रक्शन द्वारा पानी पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा था, इसी दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। क्रेन का संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर चालक के ऊपर गिर गई, जिससे चालक का सिर चकनाचूर हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिओम नागर धाकड़ पिता बने सिंह धाकड़, उम्र 22 वर्ष निवासी देहरी बामन, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) के रूप में हुई है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया पुलिस और डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। क्रेन को जेसीबी की मदद से हटाकर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया हादसे का कारण क्रेन का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है।

## ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया, 40 मिनट बातचीत

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की। हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत और अमेरिका के रिश्ते को और मजबूत करेंगे। अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। अमेरिकी राजदूत सर्जियों गोर ने बताया कि फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। इस पर ट्रम्प ने कहा कि हम सभी आपसे प्यार करते हैं। सर्जियो गोर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच होर्मुज की घेराबंदी के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा से जुड़े बड़े समझौते होने की उम्मीद है। गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री

**पटना।** सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर NDA विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। कल 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में NDA की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। इधर, 5 देशरत्न मार्ग स्थित सम्राट चौधरी के सरकारी आवास पर लगी नेम प्लेट पर उपमुख्यमंत्री का पद छिपा दिया गया।

## कोलकाता में बीजेपी और TMC कार्यकर्ताओं में मारपीट

**नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई।** मंगलवार को चुनाव प्रचार के कोलकाता के धापा इलाके में बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर शुरू हुआ था। दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट होने लगी। केंद्रीय बल और स्थानीय पुलिस ने हालात को काबू किया। दक्षिण दिनाजपुर के गंगारामपुर में रैली को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर ममता बनर्जी के एजेंट हैं और उनके इशारे पर बाबरी मस्जिद बनाने की बात कर रहे हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणा पत्र दोहराते हुए कहा कि बंगाल में हर परिवार को 10 लाख रुपए का हेल्थ इश्योरेंस देने का वादा किया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को चेन्नई में भाजपा का तमिलनाडु चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए और सालाना तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया है। इसके साथ ही हर परिवार को 10,000 रुपए देने का वादा किया है।

## पीएमयूएमएस शिक्षक संघ मान्यता की ओर अग्रसर, 15 अप्रैल अंतिम तिथि

**शुजालपुर।** पी.एम.यू.एम.एस शिक्षक संघ द्वारा दिवंगत सदस्यों के परिजनों को आर्थिक संबल देने की पहल लगातार मजबूत होती जा रही है। कर्मचारी कल्याण कोष योजना के तहत इस बार दो दिवंगत सदस्यों के परिवारों को एक साथ सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे कुल सहयोग राशि बढ़कर एक करोड़ 6 लाख रुपये तक पहुँच गई है। संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय महेन्द्र सिंह मुवेले के परिवार को अब तक लगभग 23 लाख रुपये तथा स्वर्गीय रेवाराम अलोने के परिवार को 27 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। यह सहयोग प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी। संघ के अनुसार वर्तमान में करीब 1 लाख 6 हजार शिक्षक एवं कर्मचारी सदस्यता ले चुके हैं, जिनमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी शामिल हैं। प्रतिदिन नए सदस्यों के जुड़ने का सिलसिला जारी है। जिला प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने बताया कि कर्मचारी कल्याण कोष योजना सहयोग के बदले सहयोग की भावना पर आधारित है, जिसमें प्रत्येक सदस्य की भागीदारी अनिवार्य है। आईटी सेल प्रभारी इंदर नाथ ने स्पष्ट किया कि जो सदस्य समय पर सहयोग नहीं करते वे योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनके लिए सहयोग अपील भी नहीं की जाती। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की है कि वे 15 अप्रैल तक अपना सहयोग अनिवार्य रूप से पूर्ण करें तथा जो साथी अभी सदस्य नहीं बने हैं।

## NSA डोभाल बोले-जंग का मकसद दुश्मन का मनोबल तोड़ना

**गांधीनगर।** राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में संबोधित करते NSA डोभाल। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा सिर्फ उसकी सैन्य ताकत से तय नहीं होती, बल्कि जनता की इच्छाशक्ति सबसे जरूरी है। देश की ताकत आंकते समय सबसे बड़ी गलती लोगों के मनोबल को नजरअंदाज करना है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में बोलते हुए डोभाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जटिल और मल्टी डायमेंशनल विषय है। इसमें सेना, तकनीक, संसाधन और कूटनीति के साथ मानव शक्ति भी शामिल है।

## लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव-2029 से लागू होगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33त्न महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।



## मनाई संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**गुना।** 14 अप्रैल को मंगलवार डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती जिलेभर में बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम, रैलियां, संगोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए गए। भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के इस खास मौके पर जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष सुबह से ही सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और आमजन सहित अंबेडकर प्रेमियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए नमन किया गया। कई जगह प्रभात फेरियां निकाली गईं तो वहीं जिला मुख्यालय पर बाबा साहेब और संविधान सहित शांति का संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध और संत कबीर दास, संत रविदास की झांकियों के साथ चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से निकाला गया। इसमें समाजसेवियों, युवाओं और बच्चों के अलावा महिलाओं की भागीदारी शामिल रही। कार्यक्रमों में बाबा साहेब के विचारों समानता, शिक्षा और अधिकार पर प्रकाश डालने के साथ उनके संघर्षों पर चलने की प्रेरणा तथा संकल्प लिया गया। दूसरी ओर अंबेडकर जयंती समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित सभा में वक्ता उनके जीवन संघर्ष और भारतीय समाज में उनके योगदान पर भजन गायन से भजन मंडली ने लोगों को प्रेरित किया। इधर बाबा साहेब के जन्मदिन पर गुलाबगंज से निकाला गया झांकी चल समारोह हनुमान चौराहे पर सभा के साथ संपन्न हुआ। वहीं जरूरतमंदों के लिए रक्तदान शिविर, भोजन वितरण और सामाजिक सेवा के अन्य कार्यक्रम भी किए गए। पूरे जिले में इस दिन को सामाजिक समरसता और प्रेरणा के पर्व के रूप में मनाये जाने के लिए हर वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां अंबेडकर प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उधर शासन प्रशासन भी अपने अपने स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बाबा साहेब को याद करने जयंती कार्यक्रम आयोजित किया। बाबा साहेब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अंबेडकर प्रेमियों के द्वारा भी सोशल मीडिया प्लेट फार्मों पर भी शुभकामनाएं संदेश भेजने का सिलसिला जारी रहा। इसी तरह गुना विधानसभा क्षेत्र के चक भादौर तहसील आरोन में पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्ष जयवर्धन सिंह राघोगढ़ विधायक के मार्ग दर्शन में अनुसूचित जाति जिला कांग्रेस गुना के अध्यक्ष भगवानसिंह अहिरवार के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, जन प्रतिनिधि, महिलाएं, युवा एवं बच्चें शामिल हुए। जिससे पूरे गांव में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके मार्ग पर चलने का और समाज में समानता, भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर गुना ग्रामीण के प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष, योगदान पर प्रकाश डाला। गुना ग्रामीण के अध्यक्ष मनीष रघुवंशी ने लोगों को बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र सिंह रघुवंशी, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, भगत जी, बलराम, हरवीर, रामवीर दिनेश सहित जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती निलम शर्मा पति स्व. विजय शर्मा, हर्षित शर्मा, मानस शर्मा, व मानसी शर्मा पिता स्व. विजय शर्मा, निवासी-62 खण्डेलवाल नगर, आगर रोड़ उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य के भवन में निवास करते है व यह भवन मेरे पक्षकारगण के पास उनके पति द्वारा निर्माण किये जाने के समय से ही विगत 23-24 सालों से निवासरत है व इस भवन के संबंध में मेरी पक्षकारा के पति स्व. श्री विजय शर्मा ने वर्ष 2011 में माननीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 उज्जैन के समक्ष एक वाद प्र.क्र.-08ए/2011 श्रीमती सरोज शर्मा पति ओमप्रकाश शर्मा के विरूद्ध प्रस्तुत किया था तथा उक्त महिला को मेरे पक्षकार के ससुर स्व. चंदरलाल शर्मा ने अवैधानिक रूप से विक्रय पत्र का संपादन कर दिया था किन्तु उक्त माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 08.06.11 को निर्णय पारित कर मेरे पक्षकार के पति स्व. विजय शर्मा के पक्ष में स्थाई निशेधाज्ञा के बाबत निर्णय व जयपत्र प्रदान किया था व मेरे पक्षकारगण अपने पति व पिता के जीवनकाल से ही तथा इस वाद का निर्णय होने के पश्चात भी आज दिनांक तक निरंतर इस भवन में निवासरत होकर यह भवन उनके आधिपत्य में है व इस भवन से आज दिनांक तक मेरे पक्षकारगण का आधिपत्य चला आ रहा है इसी कारण मेरे पक्षकारगण ने श्रीमती सरोज शर्मा का देहान्त होने के पश्चात उनके वारिसान पुत्र आशुतोष शर्मा के विरूद्ध माननीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 (दिपीका यादव) उज्जैन के न्यायालय में प्र.क्र. -699/2025 प्रस्तुत किया है, किन्तु मेरे पक्षकारगण को ज्ञात हुआ है कि उक्त आशुतोष शर्मा द्वारा उक्त भवन जिनका न्यायालयीन विवाद लंबित है को बाजार में विक्रय या अंतरित करने का प्रयास किया जा रहा है उसके द्वारा मेरे पक्षकारगण के उक्त भवन पर विभिन्न दलालों एवं व्यक्तियों को भेजकर मेरे पक्षकारगण को मानसिक त्रास दिया जा रहा है कि, यह भवन उनके द्वारा क्रय करने की चर्चा चल रही है जबकि मेरे पक्षकारगण के इस भवन को किसी भी व्यक्ति को क्रय या विक्रय करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। अत: सर्व साधारण को सूचित करने में आता है कि, कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि मेरे पक्षकारगण के हक व अधिकार के उक्त भवन क्र. 62 स्थित खण्डेलवाल नगर आगर रोड़ उज्जैन के बाबत उक्त आशुतोष शर्मा या अन्य किसी भी व्यक्ति से कोई संव्यवहार ना करें अन्यथा उक्त संव्यवहार मेरे पक्षकारगण के हक व अधिकार के मुकाबले अवैध व शुन्य होकर उसके परिणामों का उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति का होगा।

इति दिनांक 15.04.2026

**श्रवण कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**कार्यालय 101 प्रथम मंजिल, गुरु कृपा रेसीडेंसी, दरगाह मंडी पेट्रोल पंप के पास आगर रोड उज्जैन मो. 9826277233-8602549005**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 259 उत्तर दिशा का भाग स्थित एलोन्स सिटी ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 37.21 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक 260, पश्चिम में - रोड़, उत्तर में - कॉलोनी का रोड़, दक्षिण में - भूखण्ड क्रमांक 259 का शेष भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति विमलेश पिता श्री रामचंद्र ने HDFC BANK LIMITED से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022025ए1022572 दिनांक 09/01/2025 के माध्यम से नीलाम में प्राप्त कि है। तथा विमलेश के द्वारा उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध अनिता नागरा पति श्री भूपेन्द्र नागरा से किया है तथा अनिता नागरा ने उक्त सपंत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 14/04/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का भवन क्रमांक-एल-273. एल.आय.जी. स्थित महाशक्ति नगर, इंजीनियरींग कॉलेज के पास, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं उक्त भवन की लिंक दस्तावेज की दो मूल रजिस्ट्री थी जिसमे पहली रजिस्ट्री जो कि, रजिस्ट्री गजेन्द्र शर्मा पिता श्री बाबूलालजी शर्मा निवासी-भवन क्रमांक 273, एलआयजी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास, उज्जैन के नाम पर हैं जिसका दस्तावेज क्रमांक 2473 दिनांक 07.07.1999 हैं एवं दूसरी रजिस्ट्री शरद मांडले पिता श्री गोविंद मांडले, निवासी-सी-13/13 एलआयजी ऋषि नगर, उज्जैन के नाम पर थी जिसका दस्तावेज क्रमांक 5769 दिनांक 19.02.2001 हैं यह कि, उक्त भवन की दोनों मूल रजिस्ट्री मेरे पक्षकार से ट्रेजर बाजार सब्जी मंडी में से कही गुम हो चूकि हैं जो कि काफी तलाशने के बाद आज दिनांक तक नहीं मिल पाई हैं। जिसकी रिपोर्ट मेरे पक्षकार द्वारा पुलिस थाने में कर दी गई है। यह कि, भविष्य में यदि उक्त दोनो मूल रजिस्ट्री को लेकर किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा दावा या क्रय करने का दावा करते हैं तो वह इस जाहिर सूचना के समक्ष गलत मानी जावेगी तथा यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त मुल दस्तावेज के आधार पर मेरे पक्षकार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई विक्रय अनुबंध पत्र या ऋण पेटे उक्त दस्तावेज को किसी भी व्यक्ति या संस्था के पास गिरवी रखे गए है तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अंदर मेरे कर्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत करे बाद अवधि के आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। इति दिनांक-14.04.2026, स्थान-उज्जैन

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5. भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो. 98272-64140**

### जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्री मनीष कुमार डावर पिता श्री हरिशचन्द्र डावर, निवासी-ए-508, तिरूपति हाईट, उज्जैन के द्वारा प्राप्त जानकारी एवं माहिती अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा उसके साथ आज से लगभग एक वर्ष पूर्व संयुक्त निवास के दौरान अक्षत पिता पंकज गोयल निवास करता था वर्तमान स्थिति में अक्षत गोयल के द्वारा संपूर्ण दस्तावेजों में मेरे पक्षकार का नाम पिता के रूप में अंकित करवाकर सामाजिक रूप से संस्थान में उपयोग कर रहे हैं जिसके संबंध में मेरे पक्षकार को आपत्ति हैं, अक्षत द्वारा किसी भी संस्थान, बैंक, शासकीय निकाय, कार्यालयीन उपयोग तथा लेन-देन, गिरवी, ऋण अगर किसी प्रकार से लेन-देन में मेरे पक्षकार के नाम का उपयोग किया जाता तो उसके संबंध में मेरे पक्षकार का कोई लेना-देना नही होगा और न ही उसके लियें वह जिम्मेदार होगा, मेरे पक्षकार ने अक्षत से व्यक्तिगत रूप से पारिवारिक रूप से संपूर्ण संबंध अक्षत तथा उसकी माता से समाप्त कर लिये हैं जिसके लियें वे व्यक्तिगत रूप से किये गये कार्य के लियें व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगें। सूचित हो। इति दिनांक 14/4 /2026

**देवेंद्र सिंह सिंगर हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-सनशाईन टॉवर, सेकण्ड फ्लोर, प्रियदर्शनी चौराहा, उज्जैन मो. 9303151234**

### नाम ट्रांसफर हेतु जाहिर सूचना

मैं मांगू बाई पति सोहन सिंह ग्राम मक्सी तहसील शाजापुर जिला शाजापुर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति की मृत्यु दिनांक 21/12/2022 को हो चुकी है। मेरे पति जिनके नाम से एक वाहन बोलेरो पंजीयन नंबर एमपी 09 सीक्यू 8598 है, जिसके मैं अपने नाम में कराना चाहती हूँ। उक्त वाहन पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण/कर्ज बकाया नहीं है। यदि किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर उचित दस्तावेज के साथ जिला परिवहन कार्यालय शाजापुर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर आपत्ति दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सूचना प्रकाशक**
**मांगू बाई**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 01- रमन धाकड पिता ओमप्रकाशजी धाकड़ निवासी हनुमान मंदिर के पास लिम्बोदी जी.पी. ओ. इन्दौर 02- धर्मेन्द्र धाकड पिता राजमल धाकड़ निवासी 399, शिव पार्वती नगर पालंदा इन्दौर के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 521/1 रकबा 0.08 हे., मेसे रकबा 0.052 हे. सर्वे नम्बर 894 रकबा 1.64 हे. मेसे रकबा 1.092 हे. सर्वे नम्बर 895 रकबा 0.50 हे. मेसे रकबा 0.332 हे. सर्वे नम्बर 905/6 रकबा 0.22 हे. मेसे रकबा 0.146 सर्वे नम्बर 907 रकबा 0.29 हे. मेसे रकबा 0.192 हे. कुलकिता 05 कुल रकबा 1.814 हे. ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूमि विक्रेतागण ने शांतीलाल पिता नंदरामजी जाति बलाई निवासी 52 समता नगर पालदा इन्दौर से ई- पंजीकरण संख्या MP17 GR 18842026ए100073979 व बसंतीलाल पिता नंदरामजी जाति बलाई निवासी ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन से ई-पंजीकरण संख्या MP17GR 18842025ए100848635 द्वारा क्रय की है जिसकी नामांतरण की कार्यवाही विचाराधिन है उपरोक्त भुमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिक्री कि गई भूमि का विक्रय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी। सुचित हो।

दिनांक-13/04/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट)**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बडनगर**
**मो. 8871902775**

## इन्दिरा नगर नि :शुल्क योग शिविर का समापन

**नीमच।** इंदिरा नगर स्थित *मांगलिक भवन डोम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा 7 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का 12 अप्रैल को समापन किया गया। उक्त योग शिविर में *पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच जिला प्रभारी पुखराज साहू द्वारा मोटापा, शुगर, अपचन ,घुटने का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी, हृदय रोग, सर दर्द, थायराइड आदि रोगों के निवारण हेतु इंटीग्रेटेड योग अभ्यास कराया गया। योग शिविर संयोजक श्री राजेश जी जायसवाल एवं दशरथ बंधु रहे। योग शिविर में मुख्य रूप से किशोर जी किलोरिया, हरिशंकर शुक्ला, जयप्रकाश दलवी, दुर्गा शंकर कोली, तेजपाल बंजारा, डाक्टर आशाराम धाकड़, यश मौर्य , मीना जायसवाल, उमा धाकड़, सावित्री गुप्ता, सुनिधि साहू आदि ने भाग लिया।

## संत सेनजी महाराज की जयंती मनाई

**पिपलिया मंडी।** 14 अप्नरैल मंगलवार को नगर सेन समाज ने आराध्या देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती मनाई। स्टेशन बालाजी मंदिर से डीजे के साथ सेनजी महाराज झांकी के साथ चल समारोह निकाला, जो मुख्य मार्ग होता हुआ टीलाखेडा बालाजी मंदिर पहुंचा, जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यहां सेन महाराज के चित्र की पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनों का स्वागत किया गया इस पश्चात नई कार्यकारणी घोषित की गई जिसमें नगर अध्यक्ष दुकान अध्यक्ष को नियुक्त किया गया समाजजन माता बहने उपस्थिति थे।

## युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी

**मन्दसौर।** जिले के नईआबादी थाना क्षेत्र के ग्राम उदपुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार की रात ग्राम उदपुरा का है। 33 वर्षीय ट्रैक्टर चालक विकास पिता बापूलाल मीणा शराब के नशे में अपने घर पहुंचा और नशे में परिवाद के सदस्यों से विवाद करने के बाद वह अपने कमरे में पहुंचा। जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह कमरे में फंदा लगाकर लटका दिखा। उसके पश्चात परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही नईआबादी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी मिली है कि मृतक विकास लम्बे समय से शराब का आदि था।

## 63 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 63 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। 14 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम आमली निवासी आरोपी ईश्वर सिंह पिता प्रताप सिंह सोंधिया राजपूत (28 वर्ष) को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद ग्रे रंग की बिना नंबर वाली होंडा शाइन मोटरसाइकिल से 63 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 26 हजार रु. आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त उक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना शामगढ़ पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## पेड़ काटने पर 10 हजार की शास्ति व 21 पौधे लगाने का आदेश

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में जिला प्रशासन ने अवैध पेड़ काटने पर कार्यवाही की है। मंदसौर एसडीएम (ग्रामीण) शुभम पाटीदार द्वारा बताया गया की कलेक्टर श्रीमती गर्ग के अवैध पेड़ कटाई पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं। इसी क्रम में ग्राम आक्या उमड़ाहैड़ा मे स्थित स्कूल मैदान में बिना सक्षम अनुमति के पेड़ काटने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित कर वसूली की गई व पेड़ काटने वाले व्यक्तियों को विद्यालय परिसर में पुनः 21 पौधे लगाने का आदेश दिया गया।साथ ही नायब तहसीलदार दलोदा रवि पटेल द्वारा विद्यालय की जमीन पर दुकान और चद्दर सेट बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाकर विद्यालय के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

# श्रीमद् वल्लभाचार्य प्राकट्य महोत्सव पर स्मरण में महासोम यज्ञ स्मारिका का विमोचन

### यज्ञ संस्कृति को बताया प्रकृति संतुलन का आधार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी के प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर जीवागंज स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में न केवल महाप्रभु के चरित्र का गुणगान हुआ, बल्कि गत वर्ष नगर में संपन्न हुए ऐतिहासिक महासोम यज्ञ की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने हेतु विशेष स्मारिका स्मरण में महासोम यज्ञ का गरिमामय विमोचन भी संपन्न हुआ।

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः काल श्री गोवर्धननाथ मंदिर से निकाली गई प्रभात फेरी के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। संध्या समय मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें बच्चों और श्रद्धालु महिलाओं ने महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में यज्ञ संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन परंपरा में यज्ञ का स्थान मंदिरों से भी प्राचीन है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यज्ञ संस्कृति न केवल मनुष्य के आध्यात्मिक जीवन को उन्नत करती है, बल्कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में भी महती भूमिका निभाती है।

स्मारिका के संपादक और वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने प्रकाशन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि विगत वर्ष 13 से 18 अप्रैल तक कालाखेत स्थित श्री वल्लभाचार्य नगर में आयोजित महासोम यज्ञ मंदसौर के धार्मिक इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है।

इन अविस्मरणीय क्षणों और आध्यात्मिक ऊर्जा को भावी पीढ़ी के लिए सहेजने के संकल्प के साथ ही इस स्मारिका का निर्माण किया गया है। विमोचन के इस विशेष अवसर पर महासोम यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गिरिराज दास सक्सेना, मदनलाल राठौर, डॉ. घनश्याम बटवाल, नागेश्वर सोनी, विजय सुराणा, विक्रम भटनागर, गौरव अग्रवाल, राजेश नामदेव, राजेंद्र चाष्टा, संजय गोठी, पुष्पेंद्र भावसार, कपिल भंडारी, मंदिर ट्रस्टी राधा कृष्ण पारिख, हेमंत भाई शाह, विनय पारिख, गिरीश पारिख, महिला मंडल की निर्मला गुप्ता, सुनीता भावसार, आरती दवे और शशि झलौया आदि उपस्थित रहे।

### लूट के खुलासे के लिए बनाई एसआईटी

# बाईक सवार पिता और बेटी को नकाबपोशों ने लूटा था

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना क्षेत्र के माही नदी के पास रविवार देर रात बाइक सवार पिता ओर बेटी के लूटपाट की घटना के बाद सोमवार रात एसपी अमित कुमार घटनास्थल पहुंचे। अपने स्तर से उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जांच के पाइंट तय किए। साथ ही घटना को शीघ्र पदार्फाश कर बदमाशों को पकडने के लिए एसआईटी भी बना दी है।

लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित कुमार सोमवार रात घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया। हर एक पहलू को जांचा। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया।

**ओवरटेक कर घेरा, चाकू अड़ाया था**

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ निवासी कादर खान अपनी बेटी नजराना और तीन वर्षीय पोता शादाब के साथ बाइक से जावरा से अपने घर लौट रहे थे। रात में जब वे रतनपुर के पास माही नदी से निकले तो कुछ लोगों ने उन्हें रोकने को कहा। लेकिन उन्होंने अपनी बाइक नहीं रोकी। तब पीछा कर दो बाइक पर आए ६ नकाबपोशों ने ओवरटेक करते हुए माही नदी से करीब ९ किलोमीटर दूर रात करीब 12 बजे उन्हें घेर कर रोक लिया।

एक बदमाश ने कादर खान की गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। बदमाशों ने कादर खान के पास से करीब पांच हजार नकद एवं उनकी बेटी से पर्स में रखे 15 हजार नगद, मंगलसूत्र एवं कान के सोने के टॉप्स छिन लिए।

इसके अलावा बाईक की चाबी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड के साथ कपड़ों से भरा बैग और दोनों के मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया। यहां तक उनके पास चाकू था जिससे पैर में पहनी चांदी की पाइजब भी काटने की कोशिश की। इसी दौरान बाजना की तरफ से एक पिकअप की रोशनी देख बदमाश रतलाम की तरफ भाग गए।

## डॉ. अम्बेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने की दिशा में कार्य किया

**अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न**

**मन्दसौर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को एक सशक्त, व्यवस्थित एवं समावेशी स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी प्रेरणा मिली है। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देना चाहिए, यही डॉ. अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में अतिथियों द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं दो-दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, कलेक्टर अदिती गर्ग, एसपी विनोद मीणा, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, जिला संयोजक आदिम जाति विभाग अंगुरबाला भगोरा आदि उपस्थित रहे।



## राधाकृष्ण मंदिर में हुई चोरी वहीं दुकान में रंगे हाथों चोर पकड़ा गया

**मन्दसौर।** नगर में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनता कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर की है जहाँ अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में मंदिर की खिड़की और वेंटिलेशन की जाली काटकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी लगभग तीन से चार हजार रुपये की नकदी और भगवान के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब मंदिर के पुजारी ने ताला खोला तो उन्हें इस चोरी का पता चला जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।वहीं दूसरी घटना सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहे के पास स्थित संतोष ट्रेडर्स नामक लुब्रिकेंट ऑयल की दुकान में सामने आई जहाँ एक चोर को रंगेहाथों पकड़ लिया गया। रात करीब 12.30 बजे एक राहगीर ने दुकान का ताला खुला देख दुकानदार को फोन पर सूचना दी। जब दुकानदार मौके पर पहुँचा और शटर उठाई तो अंदर रूपचंद्र माली उर्फ रूपा नाम का व्यक्ति मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर गल्ले से पैसे निकाल रहा था। पकड़ा गया आरोपी पास में ही चाय का ठेला लगाता है और रेकी करके चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। दुकानदार ने आरोपी का वीडियो भी बनाया और उसके पास से 25 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर प्रकरण दर्ज किया है।

# संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जन्म जयंती मनाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की 135 वी जन्म जयंती के अवसर पर कई राजनीतिक एवं समाजसेवी संगठनों ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुखलाल जी पवार के मार्गदर्शन में शोरुम चौराहा अंबेडकर सर्किल पहुंच संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर जय जय जय भीम, बाबा साहब अमर रहे, भारत माता की जय घोष के साथ उन्हें याद कर उनकी 135वीं जन्म जयंती मनाई।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुखलाल जी पंवार ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब एक दलित परिवार में जन्मे थे इन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर सामाजिक समानता वंचितों के अधिकार और भारतीय संविधान के निर्माण के लिए जीवन भर संघर्ष किया।

उन्होंने छुआछूत (अस्पृश्यता) का दंश झेलते हुए भी कड़ी मेहनत से कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की उन्होंने हिंदू धर्म में व्याप्त जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के खिलाफ जीवन भर जंग लड़ी जो उनके द्वारा अक्टूबर 1956 में बौद्ध धर्म अपनाने में परिणित हुआ बाबा साहब ने केवल कानून ही नहीं बदला बल्कि दलित शोषित और महिलाओं के भीतर आत्म सम्मान की भावना जगाई और आज हम सभी देशवासी एक ऐसे संविधान निमार्ता महान व्यक्ति बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश के लोगों को जीने की राह दिखाई हम सभी आज उनकी जन्म जयंती पर उन्हें याद कर शत-शत नमन करते हैं ! इस अवसर पर भा.अ. जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुखलाल पवार, आदि उपस्थित थे।

# जंगल में मिला ऑस्ट्रेलिया का युवक : पेड़ के नीचे बैठा मिला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

बांगरोद और जड़वासा के बीच जंगल में सोमवार रात 11 बजे ऑस्ट्रेलिया का एक युवक मिला। युवक की उम्र 42 साल है। ग्रामीणों को जब युवक के बारे में जानकारी लगी तो भीड़ लग गई।

बांगरोद पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा समेत पुलिस बल पहुंचा। युवक एक पेड़ के नीचे बैठा मिला। पुलिस युवक को लेकर रात में नामली थाने पहुंची। जहां उससे पुलिस पूछताछ में जुटी। देर रात तक युवक अपना नाम नहीं बता पाया। इसके पास से वीजा जरुर मिला है। बांगरौद चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रात की गश्त के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बांगरोद और जड़वासा के बीच एक विदेशी युवक पेड़ के नीचे अकेला बैठा है। वहां पहुंचने पर युवक से बात की। युवक ने ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला बताया।युवक जिस जगह मिला है वह स्थान बांगरोद रेलवे स्टेशन से आधा किमी दूर है। संभावना जताई जा रही है कि यह ट्रेन से बांगरोद में उतर गया होगा। युवक ने पुलिस को उसके पास वीजा होने की बात बताई है लेकिन वह अपने ट्रॉली बैग को किसी को हाथ नहीं लगाने दे रहा है।

यह भी बात सामने आ रही है कि युवक किसी ऑटो में बैठकर आया था। जिसे बांगरोद व जड़वासा के बीच उतार दिया। हालांकि ऑटो को लेकर अभी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल रात में बांगरोद चौकी से युवक को नामली थाने ले जाया गया। जहां सोमवार देर रात पूछताछ में युवक ने बताया कि गलती से रतलाम के पास बांगरोद रेलवे स्टेशन पर युवक उतर गया।

# ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलियामंडी




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में सोमवार को प्रातः 10 बजे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा नगर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मल्हारगढ़ नगर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। इसके पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दलित बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व श्री जगदीश अठवाल का शाल-श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। साथ ही मेधावी छात्र चेतन मुंगड़ का एमपी पुलिस में चयन होने पर स्वागत एवं सम्मान कर युवाओं को प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने देश को जो संविधान दिया, वह केवल एक कानून की पुस्तक नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की मजबूत नींव है। आज के दौर में जब देश में बैठी भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने और उसे तोड़-मरोड़ कर खत्म करने का प्रयास कर रही हैं, तब हर जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे समय में देश के नेता प्रतिपक्ष माननीय राहुल गांधी देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन शोषित, वंचित और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। वरिष्ठ नेता अजीत कुमार, वरिष्ठ नेता रामचंद्र करुण,विधानसभा यूथ कांग्रेस महासचिव विनोद पटेल ने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाकत भाई पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद मल्हारगढ़ अरविंद सोनी, बाबू भाई मंसूरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उनियारा, सुभाष पाटीदार सहित अनेक कांग्रेसजनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, मंडलम अध्यक्ष गजराज सिंह शक्तावत, सुनील भगत, रोहित शर्मा, सुरेंद्र सिंह शक्तावत, अनवर मंसूरी, युवा नेता विष्णु ररोतिया, सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समानता स्थापित करने का संकल्प लिया।

## न्यूज कालम



### गांव मुंडेडी में बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती सर्व समाज के नेतृत्व मनाई

**पिपलिया मंडी।** समीप गांव मुंदड़ी में बाबा साहब अंबेडकर जी की 135 वीं जन्म जयंती मनाई गई। जिसमें ग्राम के जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं ग्रामीण जनों द्वारा माल्या अर्पण कर बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर ने सभी जाति धर्म एवं समाज को शिक्षित होने का संदेश दिया है। डॉ मुकेश मालवीय पूर्व सरपंच कृष्णपाल सिंह शक्तावत, वरिष्ठ बहुजन नेता किशनलाल चौहान सर, समाज सेवी सुनील जैन, पूर्व सरपंच राम प्रहलाद पाटीदार, जनपद प्रतिनिधि एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा, पूर्व जनपद सदस्य प्रेमचंद पवार युवा नेता विष्णु ररोतिया अर्जुन सिंह शक्तावत यशपाल सिंह शक्तावत कन्हैयालाल ररोतिया ने संबोधित किया। इस अवसर पर घनश्याम नायक, यशपाल सिंह शक्तावत, नेपालसिह शक्तावत ,किशोर उनियारा,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### नगर की प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी शालिनी का इंडिया कैंप में चयन



**मन्दसौर।** नगर की प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी शालिनी सिंह का चयन सब जूनियर एशिया कप की तैयारी हेतु आयोजित इंडिया कैंप के लिए हुआ है। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि हाल ही में झारखंड में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया, जिसमें शालिनी सिंह ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया। शालिनी ने हॉकी की शुरूआत कक्षा 5 वीं में विद्यालय स्तर से की थी। उनकी लगन और प्रतिभा के चलते अब उनका चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है, जिसमें वे आगामी 7 मई को शामिल होंगी।

### बोलेरो से एक क्विंटल डोडाचूरा जब्त, तीन तस्करों सहित चार गिरफ्तार

**मंदसौर।** एसपी विनोद मीणा के निर्देशन तथा एएसपी टी.एस. बघेल एवं एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में नाहरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी की टीम ने घेराबंदी कर बोलेरो से एक क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त कर चार आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया है।प्राप्त जानकारी अनुसार, 13 अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर के जरिए प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बिल्लोद-नाहरगढ़ रोड पर पुलिया के समीप नाकाबंदी कर बिल्लोद की तरफ से आ रही संदिग्ध बिना नंबर की बोलेरो को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोका जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से एक क्विंटल अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में डोडाचूरा और तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान किशोर राव पिता दोलतराम भाट निवासी खेड़ा काल्याखेड़ी (मंदसौर) तथा राजस्थान के गंगानगर जिले के निवासी सोनू पिता रामलाल सेन, ताराचंद्र पिता पृथ्वीराज मेघवाल और हरिकिशन पिता सुगनाराम नायक के रूप में हुई है। नाहरगढ़ पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रसिद्ध गायक गिरीश शर्मा के गीतों की रिलीज 19 को मुंबई में



**नीमच।** प्रदेश व क्षेत्र के प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट गायक गिरीश शर्मा रतलाम के गिरीश शर्मा के मुंबई में डी एम आई म्यूजिक कंपनी द्वारा रिकॉर्ड किए गए दो गीतों की रिलीजींग दिनांक 19 अप्रैल को मुम्बई के जुहू स्थित पी.वी.आर सिनेमा में बालीवुड गायक कुमार शानू व अनुराधा पौडवाल के सम्मुख घोषित कि जाएंगी। अन्तर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट गायक गिरीश शर्मा के मुम्बई के जुहू स्थित पी.वी.आर. में उनके दो गीत "ओ दुनिया के रखवाले'... गीत का नया वर्जन व नये म्युजिक डायरेक्टर देव त्रिपाठी द्वारा लिखित व स्वरबद्ध किया एक कृष्ण भजन भी इस म्युजिक कम्पनी मुम्बई द्वारा रिलीज किया जाना है द्य दिनांक मशहूर पार्श्व गायक कुमार शानू व गायिका अनुराधा पौडवाल के सम्मुख घोषित कि जाएंगी उसी दिन दोनों गायक गायिकाओं द्वारा इसी म्युजिक डायरेक्टर द्वारा लिखित व स्वरबद्ध किया एक गीत "दिल कि बातें "भी रिलीज किया जावेगा। इस भव्य कार्यक्रम में गीत संगीत क्षेत्र की हस्तियां कुमार शानू, अनुराधा पौडवाल, अनुप जलोटा, दिलीप सेन, अन्नु मालिक, व नये म्युजिक डायरेक्टर देव रंजन त्रिपाठी व हमारे शहर के गोल्ड मेडलिस्ट गायक गिरीश शर्मा सहित सेलीब्रिटी उपस्थित रहेंगे ।

### सामान्य परिवार की बेटी का पुलिस कांस्टेबल के पद पर हुवा चयन

**पिपलियामंडी।**मध्यप्रदेश पुलिस चयन परीक्षा में टिलाखेड़ा की सामान्य गरीब परिवार की बेटी सपना राठौर (माली) के पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयन होने के समाचार से नगर में खुशी का माहौल व्याप्त होगया ओर बेटी को बधाई देने वालो का तांता लग गया मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने भी सपना का ,शाल साफा बंधवाकर,श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।पुलिस कांस्टेबल पद पर चयनित सपना माली ने बताया कि पिता मोहनलाल जी माली एवं माता श्रीमती लीलाबाई के आशीर्वाद से मुझे सफलता मिली है सपना ने बताया कि पिता जी एवं माताजी लगभग 10 वर्षों से राजीवगांधी उद्यान के पास गन्ने की चरखी चलाते है में भी चरखी पर इनकी मदद भी करती और पुलिस परीक्षा की तैयारी भी करती थी लगातार कठिन मेहनत से सपना ने यह सिद्ध कर दिखाया कि मेहनत करने वालो की कभी हार नही होती। मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि सीमित संसाधनों के बाद भी यह कामयाबी कॉम्पिटिशन की तैयारी करने वालो के लिए प्रेरणा है।



## मंत्री विश्वास सारंग ने किया चित्रगुप्त भव्य शोभा यात्रा पोस्टर का विमोचन

**राजगढ़-ब्यावरा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने 23 अप्रेल 2026 को चित्रांश समाज के आराध्यदेव चित्रगुप्तजी की जयंती के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। विमोचन के पश्चात जवाहर चौक मंदिर पर सभी की उपस्थिति में आगामी 23 अप्रेल 2026 को निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा के सम्बन्ध में भोपाल के कायस्थ समाज के समस्त संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए व सभी ने अपने विचार रखे और अपने संगठन की ओर से व अपने निजी तोर पर सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन भी दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक समाज बंधुओ को आयोजन की रूपरेखा एवं व्यक्तिगत सूचना प्रेषित करने पर सभी ने सहमति दी। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, नीलू मेजर, श्याम श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, रीना सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, संजू संयोजक, आयोजन समिति, आशीष श्रीवास्तव, वेद आशीष श्रीवास्तव, उदय श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, जीएम जौहरी, राजेश नारायण श्रीवास्तव, अभय प्रधान प्रवक्ता, शिवकुमार श्रीवास्तव, श्रीवास्तव, दीप श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव संजीव श्रीवास्तव,अभय प्रधान, गिरीश श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, उमेश सक्सेना, नितिन श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, राजीव सक्सेना, जयशंकर श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, प्रेम अस्थाना, राजेंद्र श्रीवास्तव, केके सक्सेना, रूपेश श्रीवास्तव सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित हुए।

**नगरपालिका महिदपुर पेयजल गुणवत्ता को लेकर सजग**

## पॉली एल्यूमिनियम क्लोराईड (पीएसी) के उपयोग से मिले बेहतर परिणाम



**महिदपुर।** ग्रीष्म ऋतु के के दृष्टिगत नगरपालिका महिदपुर पेयजल गुणवत्ता को लेकर विशेष सजगता बरत रही है। गणमान्य नागरिकों एवं जलप्रदाय विशेषज्ञों के सुझाव पर फिल्टरेशन में पॉली एल्यूमिनियम क्लोराईड(पीएसी) का उपयोग किए जाने पर बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने चर्चा में बताया कि पॉली एल्यूमिनियम क्लोराईड(पीएसी) के प्रयोग के बाद की गई जांच में टर्बिडिटी, टोटल हार्डनेस, पीएच वैल्यू में सुधार परिलक्षित हुआ है। नागरिकगण भी अपने जल नमूनों की जांच नगरपालिका में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जल सुनवाई में करा सकते हैं। विदित हो कि शासन के निर्देश पालन में प्रत्येक मंगलवार के नगरपालिका में जलसुनवाई का आयोजन कर जल नमूनों की जांच एवं जलप्रदाय से संबंधित शिकायतों को समाधान किया जा रहा है।

**फुटपाथ पर लग रही ज्यूस दुकान**

## नपा का हो रहा राजस्व नुकसान चौराहों पर बढ; रहा अतिक्रमण



**सारंगपुर।** शहर के अकोदिया नाका ओल्ड एबी रोड सहित बाजार की सडक पर लगने वाली ज्यूस दुकानों से अब बिचौलिए किराया वसूल कर फुटपाथ दुकान का संचालन करा रहे है। साथ ही बढते अतिक्रमण पर किसी का ध्यान नही है। देखा जाए तो फुटपाथ धीरे-धीरे फिर अतिक्रमण की जद में आ रहा है। इसके पीछे मूल वजह स्थायी दुकानदारों की ओर से शुरू की गई मुनाफाखोरी है। नगर पालिका का मैदानी अमला वस्तुस्थिति से वाकिफ होने के बावजूद चुप्पी साधे है। नपा सीमा क्षेत्र के बाजारों में फुटपाथ पर दुकान लगवाना एक व्यवसाय का रूप ले लिया है। बाजार के स्थाई दुकानदार अपनी दुकान के सामने ठेला व ज्यूस दुकान लगवाकर उनके किराया वसूल रहे है। रेट भी तय है। छोटे दुकानदारों से 300 रुपए और बडे दुकानदारों से 500 रुपए प्रतिदिन वसूल किया जा रहा है। वही गर्मी की सीजन में अस्थाई ज्यूस संचालकों से स्थाई दुकानदार व मकान मालिक तीन महीने चलने वाले इस सीजन में हजारों रुपए किराया ज्यूस संचालकों से वसूल रहे है। बता दे की मुनाफाखोरी नही देने पर दुकानदार अपनी दुकान के सामने किसी भी व्यवसायी को न ही बैठने देते हैं और न ही वहां दुकान लगाने देते है। व्यवसाय का ये ट्रेंड फिर से अतिक्रमण की वजह बन रहा है।

**चौराहों पर बढ रही समस्या**

फुटपाथ दुकान लगाने के बदले छोटे व्यवसाइयों सहित सिजनवार करने आए दुकानदारों को हजारों रुपए देना मंजूर है, लेकिन वहां हटना नहीं। व्यवसाय के लालच में कोई भी इसकी शिकायत नहीं कर रहा है। शहर की सडको चौराहे नाकों के फुटपाथ पर अतिक्रमण धीरे-धीरे बढी समस्या का कारण बन रहा है। वैसे तो फुटपाथ का किराया वसूलने पर प्रदेश सरकार ने रोक लगा दी थी। लेकिन किराया वसूलने का सिलसिला पूर्व के भाती आज भी अनवरत रूप से जारी है।

# फर्नीचर गोदाम में आग से लाखों का नुकसान दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर



माचलपुर रोड स्थित कॉन्वेंट स्कूल के पास, नगर परिषद अध्यक्ष के मकान के पीछे कॉलोनी में बने एक फर्नीचर गोदाम में शाम करीब 5 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि लपटें लगभग 8 से 10 मीटर ऊंचाई तक उठती रहीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही जीरापुर, माचलपुर व छापीहेड़ा से प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही विभिन्न स्थानों माचलपुर खिलचीपुर व जीरापुर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

हालांकि, नगर परिषद जीरापुर की फायर ब्रिगेड के देर से मौके पर पहुंचने और तकनीकी खराबी के कारण प्रारंभिक समय में पानी का प्रेशर चालू नहीं हो पाने से स्थानीय लोग काफी नाराज नजर आए। काफी प्रयासों के बाद ही फायर ब्रिगेड पूरी क्षमता से काम कर सकी, जो एक गंभीर लापरवाही का विषय माना जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोदाम राहुल विश्वकर्मा (भंडावत) का है, जो फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े हैं। गोदाम में सोफा सेट, डबल बेड, सिंगल बेड, टेबल सहित शादी-विवाह में दिए जाने वाले दहेज के विभिन्न फर्नीचर का बड़ा स्टॉक रखा हुआ था। यह गोदाम मुख्य मार्ग के पीछे एक खाली प्लॉट पर अस्थाई रूप से लोहे के टिन शेड के रूप में बनाया गया था।

आग की भयावहता को देखते हुए जेसीबी मशीन की मदद से टिन शेड के ढांचे को हटाया गया, जिसके बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गोदाम में लाखों रुपये का फर्नीचर रखा हुआ था, जो आग की चपेट में आ गया। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन गोदाम मालिक द्वारा ही स्पष्ट किया जा सकेगा।

घटना के दौरान गोदाम मालिक एवं उनके परिजनों की स्थिति को देखते हुए उनके परिचितों द्वारा उन्हें मौके से दूर ले जाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

मौके पर एसडीएम खिलचीपुर, एस डीओ पी खिलचीपुर डी वी एस नागर, माचलपुर पुलिस अधिकारी, नगर अध्यक्ष पतिनिधि पवन कुशवाहा, जीरापुर पुलिस कर्मचारी नगर परिषद जीरापुर कर्मचारी व जेसीबी ड्राइवरों नगर के सेवाभावी नगर वासियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### शुजालपुर में गर्भ संस्कार का शंखनाद

## स्वस्थ सुसंस्कारी पीढ़ी निर्माण का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



शहर के कान्हा का वृंदावन गार्डन में दिव्य संतान प्रकल्प अंतर्गत शंखनाद गर्भ संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इंदौर से आए वरिष्ठ चिकित्सक दंपति डॉ. अनिल गर्ग एवं डॉ. सीमा गर्ग ने गर्भ संस्कार विषय पर वैज्ञानिक व व्यवहारिक जानकारी साझा की। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान आहार, मानसिक स्थिति, पारिवारिक वातावरण और आध्यात्मिक साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, संतुलित जीवनशैली और संस्कारयुक्त परिवेश से गर्भस्थ शिशु का सर्वांगीण विकास संभव है। मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं आयुष मंत्री व क्षेत्रीय विधायक इंदर सिंह परमार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के प्रभावी माध्यम हैं, जो आने वाली पीढ़ी को स्वस्थए संस्कारित और प्रतिभाशाली बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इस तरह के प्रयासों के व्यापक विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में योगेंद्र महंत राष्ट्रीय संचालक दिव्य संस्थान प्रकल्प राकेश दुबे इंदौर प्रभारी, हिंदू आध्यात्मिक सेवा संस्थान व प्रांजल कोषाध्यक्ष ने भी विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि सनातन परंपरा में गर्भ संस्कार की अवधारणा प्राचीन होते हुए भी वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में करीब 160 गर्भवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ. अनिल गर्ग व डॉ. सीमा गर्ग की गर्भ संस्कार पुस्तक का विमोचन मंत्री परमार के करकमलों से किया गया। साथ ही गर्भ संस्कार फाउंडेशन कोर्स एवं निःशुल्क ऑनलाइन परामर्श सेवा का शुभारंभ भी किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि शुजालपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत 15-15 गांवों को जोड़कर केंद्र स्थापित कर नियमित आयोजन किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक परिवार लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संचालक योगेंद्र महंत का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। मंचासीन अतिथियों का अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन महेश अग्रवाल व आभार राजेंद्र अग्रवाल ने व्यक्त किया। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला.बाल विकास विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

## डॉ. कपाड़िया ने किया बच्चे का जटिल ऑपरेशन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

नगर के वरिष्ठ एवं अनुभवी शल्य चिकित्सक डॉ. एल.ए. कपाड़िया द्वारा एक छोटे बच्चे में पाए गए 'मल्टीपल हाइडेटिड सिस्ट' का सफलतापूर्वक ऑपरेशन स्थानीय अशोक हॉस्पिटल में किया गया। यह केस अत्यंत जटिल और संवेदनशील था, क्योंकि बच्चों में इस प्रकार की सिस्ट बहुत नाजुक होती है और सर्जरी के दौरान इसके फटने का खतरा बना रहता है। इसके फटने से गंभीर एलर्जिक रिएक्शन या अन्य शारीरिक जटिलताएँ हो सकती थीं।

अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और सटीक तकनीक के साथ डॉ. एल.ए. कपाड़िया ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को पूरी सावधानी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के दौरान सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया, जिससे बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। इतनी बड़ी और जटिल सर्जरी को बहुत ही कम शुल्क पर सफलतापूर्वक करने के लिए डॉ. कपाड़िया बधाई के पात्र हैं।

वर्तमान में बच्चा पूर्णतः स्वस्थ है और तेजी से सुधार (रिकवरी) कर रहा है, जो इस सफल उपचार का सबसे बड़ा प्रमाण है। अशोक हॉस्पिटल परिवार बच्चे के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करता है तथा पूरी सर्जिकल टीम को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है।डॉ. कपाड़िया इसी प्रकार समर्पण, सेवा और कुशलता के साथ अशोक हॉस्पिटल में चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

## समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

**सुसनेर।** नगर में पेयजल, साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार को प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद में सोमवार को अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने नगरवासियों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सोनी ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों एवं गलियों में अक्सर पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याएं सामने आती रहती हैं। इन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अब नगरवासी सीधे हेल्पलाइन नंबर 83057 83801 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की किसी भी समस्या की जानकारी इस नंबर पर दें। ताकि संबंधित विभाग तक तुरंत सूचना पहुंचाई जा सके और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### बिछड़ोद का प्रजापति परिवार फिर पेश करेगा एक नई मिसाल

## मांगलिक कार्यक्रम में करेगा प्रतिभाओं को सम्मानित

**सामूहिक विवाह के लिए बेटी को विदा करते समय होगा पौधारोपण**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बिछड़ौद

उज्जैन जिले की घटिया तहसील के ग्राम बिछड़ोद का प्रजापति परिवार एक बार फिर नई मिसाल पेश करने जा रहा है.. 4 वर्ष पूर्व तेरहवीं के कार्यक्रम में मीठे का उपयोग बंद करके सादा भोजन करवाते हुए कपड़ा प्रथा एवं अन्य प्रथा को दरकिनार कर क्षेत्र की प्रतिभाओं का एक भव्य सम्मान समारोह इस परिवार द्वारा आयोजित किया गया था।

अब इस परिवार में गूंजती शहनाइयों के बीच 19 अप्रैल रविवार को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन इस परिवार द्वारा किया जा रहा है । कार्यक्रम संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता जीवन प्रजापति ने बताया कि हमें प्रत्येक कार्य को नवाचार के रूप में करने की आवश्यकता है' जिससे कि समाज एवं इस राष्ट्र को नई दिशा धारा मिले तथा स्वस्थ नवीन परंपराओं का पदार्पण हो ...इसी क्रम में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर अपनी भानेज के शुभ विवाह प्रसंग पर कई व्यर्थ प्रथाओं जैसे कपड़ा प्रथा, ममेरा प्रथा आदि का खंडन करते हुए रविवार को स्नेह भोज के पूर्व एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है' जिसमें क्षेत्र की प्रतिभाओं को शील्ड, प्रमाण पत्र, नगद प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करने के साथ ही इंदौर की जानी-मानी हस्ती मोटिवेशनल स्पीकर मनोज सीए द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही भव्य कार्यक्रम घर पर करने के साथ शुभ लग्न विवाह संस्कार की रीति रिवाज सामूहिक विवाह में किया जाएगा सामाजिक कार्यकर्ता जीवन प्रजापति ने बताया कि इस पहल का प्रस्ताव जब मैने अपने परिवार में रखा तो सब ने सहर्ष हामी भर दी और कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए.. समाज में एकरूपता तथा समानता का भाव लाने के उद्देश्य से बिटिया की शादी सामूहिक विवाह में करने का निर्णय का भी सभी ने स्वागत किया एवं इसके साथ ही दुल्हन को सामूहिक विवाह में शादी के समय घर से विदा करते समय बेटी की छांव नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें दुल्हन प्रियंका के हाथों से पौधारोपण करवा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा एवं यह पौधे जब वृक्ष बनेंगे तो ससुराल जाने के बाद भी बिटिया दुल्हन की यादें इन वृक्षों के रूप में जीवित रहेगी। जानकारी कार्यक्रम प्रभारी मनीष प्रजापति ने दी।

## महिदपुर में मुमुक्षु संयम मेहता की भव्य वर्षीदान अभिनंदन यात्रा सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



महिदपुर नगर में रामगंज मंडी निवासी मुमुक्षु संयम मेहता की वषीर्दान सह अभिनंदन यात्रा अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ कोचर परिवार के निवास स्थान से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों , स्वजनों एवं कल्याण मित्रों द्वारा मुमुक्षु का भावपूर्ण अभिनंदन किया गया तथा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

यह वर्षीदान यात्रा श्री शांतिनाथ आराधना भवन पहुंचकर भव्य धर्मसभा में परिवर्तित हुई, जहां प.पू. साध्वीवर्या चरित्ररसा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 2 एवं प.पू.सा जिनकीर्ती श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 2 के पावन एवं मंगलकारी सानिध्य में आयोजित हुई। धर्मसभा में सर्वप्रथम आदिनाथ बहु मंडल द्वारा मुमुक्षु की शानदार अगवानी की गई। तत्पश्चात सिद्धचक्र महिला मंडल एवं सिद्धचक्र बहु मंडल द्वारा स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जिससे सभा का माहौल धर्ममय हो गया इसके बाद प्रवचन के दौरान साध्वीवर्या ने संयम जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुमुक्षु संयम मेहता को आगामी संयम जीवन हेतु शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। सभा में बाबूलाल आंचलिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुमुक्षु संयम मेहता ने अपने उद्बोधन में श्रीसंघ को आगामी 6 मई को रामगंज मंडी में आयोजित दीक्षा समारोह में पधारने का आमंत्रण दिया। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ की ओर से अध्यक्ष संजीव सोनी, राजमल पोखरना, ज्ञानचंद कोचर, योगेंद्र नास्कावाला, मनोज लुंकड़ एवं अशोक नवलखा द्वारा मुमुक्षु को अभिनंदन पत्र भेंट कर बहुमान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन लोकेश सोनगरा द्वारा किया गया। इसके पश्चात खरतरगच्छ श्रीसंघ की ओर से श्रीपाल चोपड़ा, नरेंद्र नाहर एवं कैलाश राखेचा ने भी मुमुक्षु का बहुमान किया। साथ ही सिद्धचक्र महिला मंडल, सिद्धचक्र बहु मंडल, आदिनाथ बहु मंडल एवं आत्मानंद जैन पाठशाला द्वारा भी बहुमान किया गया। इस वषीर्दान यात्रा में वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संघ, त्रिस्तुतिक श्रीसंघ एवं जैन सोशल ग्रुप सहित विभिन्न संस्थाओं ने सहभागिता कर मुमुक्षु का अभिनंदन किया आज इस यात्रा में उज्जैन, रतलाम, सैलाना, रामगंज मंडी, नलखेड़ा, इंदौर, भानपुरा, झाड़ा एवं महिदपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों से श्रीसंघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लोकेश सोनगरा द्वारा किया गया तथा अंत में आभार विशाल कोचर द्वारा व्यक्त किया गया।



## सुसनेर में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का वेबकास्ट संपन्न

**सुसनेर।** भारत सरकार द्वारा 13 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सीधा प्रसारण सुसनेर में वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सुसनेर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया, जिसका लाभ जमीनी स्तर पर काम कर रही महिलाओं को मिला। वर्तमान में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर जागरूकता और सशक्तिकरण से जुड़ी कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सुसनेर में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायाधीश सुश्री वंशिका गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ परियोजना अधिकारी सुश्री रीनू पंत, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य महिलाएं भी मौजूद रहीं। वक्ताओं ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में गोष्ठी का आयोजन




**महिदपुर।** संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत महिदपुर नगर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन स्थानीय अमर सुहाग गार्डन में किया गया। जिसमें उज्जैन ग्रामीण जिला संघचालक हाकमसिंह डोडिया एवं मालवा प्रांत प्रचार प्रमुख जयशंकर शर्मा उपस्थित रहे।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त होकर कांग्रेस का दामन थामा



**महिदपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमडी, बैजनाथ और भीमा खेड़ा में भाजपा की किसान विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर बड़ी संख्या में साथियों ने शिव मंदिर परिसर काजी खेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस का दामन थामा। क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 20 साथियों ने विधिवत कांग्रेस परिवार में शामिल होकर शपथ ली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने सभी साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है। आप को जब भी आवश्यकता होगी में आपके साथ खड़ा मिलूंगा। विधायक दिनेश जैन बोस ने सभी साथियों का कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर आज सदस्यता लेने पर स्वागत करते हुए कहा कि मैं हमेशा आप सभी के सुख दुख में सम्मिलित रहूंगा और हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में सभी का आभार पूर्व सरपंच मनजीतसिंह सिसोदिया ने माना।

## सेक्टर के धनोरा आंगनवाडी केंद्र पर पोषण पखवाडा आयोजित




**सारंगपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर रक्षा बकोरिया के मार्गदर्शन में पोषण पखवाडा अभियान 9 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को सेक्टर के धनोरा आंगनबाडी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों गर्भवती महिलाओं धात्री माताओ एवं किशोरी बलिकाओं को पोषण स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पोषण पखवाडा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को कुपोषण से मुक्त बनाना तथा विशेष रूप से बच्चों और माताओं में संतुलित आर के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम में आंगनवाडी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पौष्टिक भोजन साफ सफाई और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को सवाई कल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही शिविर के माध्यम से टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# गर्मियों में ठंडक पाने के लिए नहाने के पानी में डालें ये चीजें



गर्मियों का मौसम आते ही तेज धूप, पसीना और चिपचिपाहट लोगों को परेशान करने लगती है। ऐसे में हर कोई चाहता है कि उसे दिनभर ठंडक और ताजगी महसूस हो। नहाना तो रोजमर्रा की आदत है, लेकिन अगर आप नहाने के पानी में कुछ खास प्राकृतिक चीजें मिला दें तो यह साधारण नहाना भी एक रिफ्रेशिंग और हेल्दी अनुभव बन सकता है।

आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिनसे शरीर को ठंडक मिलती है और स्किन भी हेल्दी रहती है। खास बात यह है कि ये चीजें आसानी से घर में मिल जाती हैं और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता।

अगर आप भी गर्मियों में खुद को तरोताजा, ठंडा और एनर्जेटिक रखना चाहते हैं, तो इस लेख में बताए गए आसान उपाय आपके बहुत काम आएंगे। यहां हम आपको बताएंगे कि नहाने के पानी में कौन-कौन सी चीजें मिलानी चाहिए और इससे आपको क्या फायदे मिलेंगे।

### गर्मियों में नहाने के टिप्स

बहुत ठंडे पानी से न नहाएं, नॉर्मल या हल्का ठंडा पानी इस्तेमाल करें।

नहाने के बाद शरीर को अच्छे से मॉइश्चराइज करें।

दिन में 2 बार नहाने से ज्यादा फ्रेशनेस मिलती है।

### गुलाब जल

नहाने के पानी में गुलाब जल मिलाने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है। इसकी खुशबू मूड को फ्रेश करती है और स्किन को भी मुलायम बनाती है। यह गर्मियों में सबसे आसान और असरदार उपाय है।

### नींबू

नींबू में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पसीने की बदबू को दूर करते हैं। नहाने के पानी में थोड़ा नींबू रस मिलाने से शरीर साफ और फ्रेश महसूस करता है।

### नीम के पत्ते

नीम त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसे पानी में उबालकर नहाने से स्किन इंफेक्शन, खुजली और गर्मी के दाने से राहत मिलती है।

### पुदीना

पुदीना शरीर को ठंडक देने में बहुत कारगर होता है। इसके पानी से नहाने पर त्वचा को कूलिंग इफेक्ट मिलता है और थकान भी दूर होती है।

### चंदन

चंदन का इस्तेमाल स्किन को ठंडा और ग्लोइंग बनाने के लिए किया जाता है। नहाने के पानी में चंदन पाउडर मिलाने से शरीर को आराम और ताजगी मिलती है।

एलोवेरा जेल, नारियल तेल, खीरा, चंदन और गुलाब जल जैसी चीजों से घर पर सनस्क्रीन बनाई जा सकती है, जो त्वचा को धूप और टैनिंग से बचाने में मदद करती है।



# घर पर बनाएं नेचुरल सनस्क्रीन

## रसोई की ये चीजें आएंगी काम

गर्मियों का मौसम आते ही सबसे बड़ी समस्या होती है तेज धूप और उससे होने वाली टैनिंग। चाहे आप बाहर काम करते हों या घर से बाहर निकलना पड़ता हो, सूरज की हानिकारक किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बाजार में मिलने वाली सनस्क्रीन क्रीम भले ही तुरंत सुरक्षा देती हों, लेकिन उनमें मौजूद केमिकल्स कई बार त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

ऐसे में लोग अब नेचुरल और घरेलू उपायों की ओर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि आपकी रसोई में मौजूद कई साधारण चीजें आपकी त्वचा को धूप से बचाने में बेहद कारगर हो सकती हैं?

एलोवेरा, नारियल तेल, खीरा और चंदन जैसी चीजें न केवल त्वचा को ठंडक देती हैं, बल्कि उसे पोषण भी प्रदान करती हैं। इनसे बनी सनस्क्रीन पूरी तरह सुरक्षित होती है और लंबे समय तक त्वचा को हेल्दी बनाए रखती है। अगर आप भी केमिकल-फ्री और सस्ती सनस्क्रीन की तलाश में हैं, तो ये 5 घरेलू तरीके आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### एलोवेरा और नारियल तेल सनस्क्रीन

एलोवेरा जेल में नारियल तेल मिलाकर लगाएं। यह त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ मॉइस्चराइज भी करता है और हल्की धूप से बचाव करता है।



### खीरा और गुलाब जल मिश्रण



खीरे का रस और गुलाब जल मिलाकर स्प्रे बनाएं। इसे चेहरे और आसपास के भाग पर लगाएं। यह त्वचा को ठंडा रखता है और टैनिंग कम करने में मदद करता है।

### चंदन और हल्दी पेस्ट

चंदन पाउडर में हल्दी और गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। यह त्वचा को ठंडक देता है और सनबर्न से राहत दिलाता है।



### दूध और शहद सनस्क्रीन



दूध और शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। यह स्किन को पोषण देता है और टैनिंग कम करने में मदद करता है।

### नींबू और एलोवेरा जेल



एलोवेरा जेल में थोड़ा नींबू रस मिलाकर लगाएं। यह त्वचा को साफ करता है और धूप के असर को कम करता है।




ईशान किशन की तूफानी पारी और प्रफुल्ल हिंगे व साकिब हसन की घातक गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 57 रनों से हरा दिया।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने रोका राजस्थान रॉयल्स का विजयरथ, प्रफुल्ल और साकिब ने बरपाया कहर

**हैदराबाद।** ईशान किशन की तूफानी पारी और प्रफुल्ल हिंगे व साकिब हसन की घातक गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 57 रनों से हरा दिया। सोमवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में छह विकेट पर 216 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 19 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन ही बना सकी। उनके लिए डोनोवन फरेरा ने 69 रनों की पारी खेली।



### हैदराबाद ने रोका राजस्थान का विजय रथ

इस हार के साथ लगातार चार मुकाबलों से चला आ रहा आरआर की जीत का सिलसिला भी टूट गया। पांच में से एक मुकाबला गंवाने के बावजूद राजस्थान अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है, जबकि पांच में से दो मैच जीतकर हैदराबाद चौथे पायदान पर पहुंच गई है।

**हैदराबाद की पारी:** टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच की पहली ही गेंद पर अभिषेक शर्मा (0) का विकेट खो दिया था। इसके बाद ईशान किशन ने ट्रेविस हेड के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करते हुए टीम को परेशानी से निकाला। ट्रेविस हेड ने 18 गेंदों में 3 चौकों के साथ 18 रन पारी खेली। उनके आउट होने के बाद ईशान ने हेनरिक क्लासेन के साथ 39 गेंदों में 88 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया।

कप्तान ईशान 44 गेंदों में 6 छक्कों और 8 चौकों के साथ 91 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि क्लासेन ने 40 रन की पारी खेली। नितीश रेड्डी ने 28 रन और सलिल अरोड़ा ने 24 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक 2 विकेट निकाले, जबकि संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान पराग ने 1-1 विकेट हासिल किया।

**राजस्थान की पारी:** इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 19 ओवरों में महज 159 रन पर सिमट गई। डेब्यूटेंट प्रफुल्ल हिंगे ने अपने पहले ही ओवर में 3 विकेट निकालकर आरआर को संकट में डाल दिया। दूसरे ओवर में टीम ने यशस्वी जायसवाल (1) का विकेट भी खो दिया। अगले ओवर में कप्तान रियान पराग (0) भी चलते बने। आलम ये था कि टीम 3 ओवरों की समाप्ति तक महज 9 रन बनाकर 5 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज रवींद्र जडेजा ने डोनोवन फरेरा के साथ छठे विकेट के लिए 72 गेंदों में 118 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की राह पर ला दिया था, लेकिन 127 के स्कोर पर इस साझेदारी के टूटते ही टीम फिर से परेशानी में आ गई।

फरेरा 44 गेंदों में 3 छक्कों और 7 चौकों के साथ 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जडेजा ने 32 गेंदों में 5 चौकों के साथ 45 रन बनाए।

# भारत को विश्वकप जिताने वाले संजू सैमसन बने मार्च के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी; आईसीसी ने किया एलान

**दुबई।** आईसीसी ने मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के नाम का एलान कर दिया है। भारत को टी20 विश्वकप 2026 का खिताब दिलाने वाले संजू सैमसन को आईसीसी ने मार्च महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट बने थे। इसी वजह से उन्हें यह सम्मान मिला। वहीं, महिलाओं में न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया कर को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। उन्होंने इस साल मार्च में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।



### अवॉर्ड पाने की खुशी

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे सैमसन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है, खासकर क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे यादगार दौर में मिला है। टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में योगदान देना एक सपना पूरा होने जैसा था और उस पल की अहमियत समझने में मुझे थोड़ा समय लगा।'

### करियर का पहला आईसीसी अवॉर्ड

उन्होंने आगे कहा, 'यह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक समय है। टीम में काफी प्रतिभा है और मैं अपने साथियों और कोचिंग स्टाफ का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका दिया।' यह पहला मौका है जब संजू सैमसन को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड मिला है। उनका यह प्रदर्शन दिखाता है कि मौके मिलने पर वह कितने बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समयः दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्कता हैं**
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः 9893374872

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### मेघूदत गार्डन में युवक ने शादी के लिए बुलाकर सेल्फी के बहाने छेड़छाड़ की

**इंदौर।** मेघदूत गार्डन में 18 साल की युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी कार्तिक चौधरी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी बुआ के साथ गार्डन गई थी। यहां कमल चौधरी ने शादी के लिए एक लड़का दिखाने की बात कही और कार्तिक का नंबर दिया। कार्तिक ने मिलने के लिए बुलाया। बुआ ने दोनों को बात करने के लिए अकेला छोड़ा, इसी दौरान आरोपी ने अश्लील बातें कीं और गलत तरीके से छूने लगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने कंधे पर हाथ रखकर सेल्फी लेने की कोशिश की। विरोध करने पर वह तुरंत वहां से बुआ के साथ लौट आई। बाद में मां को पूरी घटना बताने के बाद सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। एक अन्य मामले में राजेंद्र नगर इलाके में लिफ्ट में सामान रखने को लेकर विवाद के बाद मां-बेटी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक वह लिफ्ट से खाद्य सामग्री ले जा रही थी। इसी दौरान चौकीदार की पत्नी शीला पंवार ने आपत्ति जताई और अपशब्द कहे। वीडियो बनाने पर शीला का भाई रितेश राठौर मौके पर पहुंचा और मोबाइल छीनकर फेंक दिया। इसके बाद मारपीट और झूमाझटकी की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि रितेश ने मां के पेट में लात मारी और गुंडों से उठवाने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में शीला पंवार और रितेश राठौर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केयरटेकर ने बुजुर्ग को नशा देकर लाखों के जेवर लेकर भागा बदमाश

**इंदौर।** गुमाश्ता नगर में 75 वर्षीय बुजुर्ग को नशा देकर लूट का मामला सामने आया है। केयरटेकर बनकर आया युवक सोने की चेन, ब्रेसलेट समेत लाखों के जेवर लेकर फरार हो गया। घटना द्वारकापुरी इलाके की है। बुजुर्ग ओमप्रकाश मूंगड चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी देखरेख करने वाला राजगढ़ निवासी दिलीप सिंह छुट्टी पर था, इसलिए परिवार ने एजेंसी संचालक उमराव सिंह के माध्यम से फिरोजाबाद निवासी यश को 10 दिन के लिए बुलाया था। रविवार को आरोपी ने योजना बनाकर बुजुर्ग को नशा दिया। उनके सोने के बाद सोने की चेन, ब्रेसलेट और अन्य जेवर लेकर फरार हो गया। पुलिस को घटनास्थल से नशे की पुड़िया और खाने-पीने का सामान मिला है, जिसे जब्त किया गया है। आरोपी की लोकेशन पहले देवास और फिर राजस्थान में ट्रेस हुई है। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने एजेंसी संचालक उमराव सिंह को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**बुजुर्ग के प्लॉट पर झोपड़ी बनाकर ब्लैकमेलिंग-** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में जमीन कब्जाने और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। दो युवकों ने बुजुर्ग के प्लॉट पर कब्जा कर झोपड़ी बना ली और कब्जा हटाने के बदले 6 लाख रुपए मांगने लगे। पुलिस के मुताबिक 72 वर्षीय गोकुलप्रसाद रायकवार के महालक्ष्मीनगर स्थित प्लॉट (एमआर-3/289) पर आरोपियों ने अवैध कब्जा कर लिया। आरोपी ललित कुमार बेलिया (निपानिया) और राजकुमार मनावत (खरगोन) ने वहां झोपड़ी बनाकर कब्जा जमा लिया। जब प्लॉट मालिक ने विरोध किया, तो आरोपियों ने कब्जा हटाने के बदले 6 लाख रुपए की मांग की। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पूछताछ में आरोपी जमीन से जुड़े कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। उन्होंने प्लॉट को सुरेश कानूनगो से लेने की बात कही, लेकिन जांच में सामने आया कि उसकी पहले ही मौत हो चुकी है। जांच में पुलिस ने पाया कि दोनों आरोपी मिलकर प्लॉट पर कब्जा कर अवैध रूप से पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे थे। लसूड़िया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

### एक ही दुकान से खरीदारी का दबाव नहीं चलेगा, अब तक 5 केस दर्ज

**इंदौर।** कॉपी-किताब की कथित मोनोपोली को लेकर जिला प्रशासन सख्त रुख में है। हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं कि किसी भी अभिभावक पर एक ही दुकान से कॉपी-किताब खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। आदेश के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसी बीच अभिभावकों की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग थानों में अब तक 5 केस स्कूल संचालकों और स्टेशनरी व्यवसायियों के खिलाफ दर्ज किए जा चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि यदि कहीं भी अनिवार्य खरीदारी का दबाव बनाया गया, तो संबंधित संस्थान पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने हाल ही में इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। साथ ही शिकायत दर्ज कराने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर (0731-2431117) भी जारी किया गया है। मामलों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी। कलेक्टर ने दोहराया कि शिक्षा के नाम पर किसी भी प्रकार की जबरन वसूली या दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूल संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आदेशों का उल्लंघन पाया गया, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। 15 अप्रैल से इसे लेकर और सख्ती की जाएगी।

### सामूहिक विवाह में 25 जोड़े लेंगे स्वच्छता और राष्ट्र रक्षा के 9 खास वचन

**इंदौर।** इंदौर के गांधी हॉल में 15 अप्रैल को सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में 25 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह सूत्र में बंधेंगे। खास बात यह कि कार्यक्रम में शामिल सभी जोड़े, बाराती और घराती सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन करेंगे। इस बार समारोह की खास बात यह रहेगी कि पारंपरिक सात फेरों के साथ नवदंपतियों को नौ विशेष वचन भी दिलाए जाएंगे। इन वचनों में इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाए रखने, राष्ट्र और धर्म की रक्षा करने और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प शामिल होगा। आयोजक विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि सम्मेलन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विवाह में शामिल होने वाले सभी जोड़ों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का प्रयास है। वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न होने वाला यह सामूहिक विवाह सम्मेलन इंदौर में परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रभावना का अनोखा संगम प्रस्तुत करेगा।

### पाटनीपुरा में शार्ट शर्किट के चलते आधी रात को दुकान में लगी आग

**इंदौर।** पाटनीपुरा इलाके में सोमवार देर रात पूजा सामग्री की एक दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आसपास की दुकानों को भी एहतियातन खाली कराया गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक रात करीब 1.40 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं। आग बुझाने के लिए करीब 17 हजार लीटर से ज्यादा पानी का उपयोग किया गया। आसपास के लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। पुलिस के मुताबिक आग में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग विनायक पूजा पाठ सामग्री की दुकान में लगी थी। शटर बंद होने के कारण अंदर धुआं भर गया था। फायर टीम ने शटर तोड़कर अंदर पानी डाला और आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही एमआईजी टीआई सीबी सिंह मौके पर पहुंचे। दुकान सुधीर अग्रवाल की बताई जा रही है। पास की अन्य पूजा सामग्री दुकानों को तुरंत खाली कराया गया। दुकान मालिक सुधीर के भाई दीपक ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। इसमें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही हम सभी लोग मौके पर पहुंचे। यहां देर रात से फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया था।

#### पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-2 में रामकी एनवायरो कंपनी जिसमें

# गैसकांड का कचरा जलाया गया था उसमें 3 धमाके हुए

### पीथमपुर में एक किमी दूर तक आवाज गूंजी, झटके से घरों का सामान गिरने लगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-2 में रामकी एनवायरो कंपनी में मंगलवार को तीन धमाके हुए। धमाकों की गूंज लगभग एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत फैल गई।

विस्फोटों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कंपनी के निकटवर्ती तारपुरा और बजरंगपुरा गांवों में लोगों ने झटके महसूस किए। ग्रामीणों ने बताया कि धमाकों के कारण उनके घरों में रखे बर्तन और टेलीविजन तक स्टैंड से नीचे गिर गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एसपी बोले- धमाके के कारणों का पता लगाया जा रहा नगर पुलिस अधीक्षक रवि सोनेर ने बताया कि हम घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। फिलहाल किसी भी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है और धमाके के कारणों का पता लगाया जा रहा है।





#### कंपनी ने भोपाल गैस कांड का जलाया था कचरा

रामकी एनवायरो कंपनी का विवादों से पुराना नाता रहा है। पिछले साल यह कंपनी भोपाल गैस कांड के जहरीले कचरे को जलाने के कारण देशभर में चर्चा का विषय बनी थी। कचरा प्रबंधन और निपटान का कार्य करने वाली इस कंपनी में हुए इन धमाकों ने एक बार फिर औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबर लिखे जाने तक, पुलिस और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम कंपनी के अंदर धमाके के वास्तविक कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है। वहीं इस मामले में अभी तक कंपनी का कोई पक्ष सामने नहीं आया है।

#### करोड़ों की लेनदारी, 20 दिन से बेटा लापता

## बदमाशों ने बुजुर्ग माता-पिता को रातभर बंधक बनाया

### बिहार ले जाने की धमकी दी और उनके फोन भी बंद कर दिए, बुजुर्ग की सूझबूझ से तीनों युवक गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

एक बेटे की उधारी की सजा उसके बुजुर्ग माता-पिता को भुगतना पड़ी। तीन बदमाशों ने 63 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को उनके ही घर में रातभर बंधक बनाकर रखा और मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकियां दीं। घटना रविवार को हीरा नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, मारुति नगर निवासी रमेश जोशी (रिटायर्ड कर्मी, वर्तमान सिक्योरिटी गार्ड) का बेटा अंकित जोशी करोड़ों रुपए की लेनदारी के बाद 20 दिनों से लापता है। रविवार को अंकित से 40 लाख रुपए वसूलने के लिए अभिषेक, अंकित और गुलशन नाम के तीन युवक बुजुर्ग के घर पहुंचे। आरोपियों ने बुजुर्ग दंपती को बंधक बना लिया। उनके फोन बंद कर दिए। उन्होंने धमकाया कि अगर अंकित नहीं मिला तो तुम दोनों को जबरन बिहार ले जाएंगे। हद तो तब हो गई, जब आरोपी रातभर घर में ही डेरा जमाकर बैठ गए और बुजुर्ग दंपती की निगरानी करते रहे।



#### बदमाशों को ऐसे दिया चकमा

सोमवार सुबह रमेश जोशी ने आरोपियों से ड्यूटी जाने की मिन्नत की। आरोपियों ने इस शर्त पर इजाजत दी कि गुलशन उनके साथ रहेगा। दिनभर पहरेदारी के बाद रात में मेघदूत गार्डन के पास रमेश जोशी ने मौका पाकर गुलशन को चकमा दिया और सीधे हीरा नगर थाने जा पहुंचे।

#### पुलिस का एक्शन महिला को कराया मुक्त

बुजुर्ग की आपबीती सुनते ही टीआई ने तुरंत टीम रवाना की। पुलिस ने घर पर दबिश देकर बुजुर्ग महिला को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाया और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

### मसाजर मशीन में शॉर्ट सर्किट से ब्लास्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



लसूड़िया इलाके में स्थित स्कीम 136 में आईडीए की 9 मंजिला बिल्डिंग के छठे माले के एक फ्लैट में सोमवार सुबह साढ़े 5 बजे आग लग गई। उससे एक और फ्लैट चपेट में आ गया। घटना के वक्त फ्लैट में दंपती सोए हुए थे। धुएं के बीच बीमार पत्नी फंस गई तो पति बड़ी मुश्किल से उसे खोजकर बाहर लाया। अच्छी बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

फायर ब्रिगेड के एएसआई सुशील दुबे के अनुसार, छठे फ्लोर पर रवि मालवीय पत्नी श्रुति के साथ तीन बेडरूम वाले फ्लैट में रहते हैं। घटना के वक्त वे वहीं सो रहे थे, हालांकि घटना दूसरे कमरे में हुई। बताया जा रहा है कि रात में मसाजर मशीन चालू रह गई थी, जिसकी वजह से शॉर्ट सर्किट हुआ। ऊंचाई ज्यादा होने से छह से ज्यादा पाइप जोड़े गए। सीढ़ियों से ही ऊपर जाकर काबू पाया गया। छठे माले पर लगी आग की लपटों के कारण सातवें माले के एक फ्लैट की बालकनी में रखा सामान जल गया। दुबे ने बताया कि मल्टी में फायर सेफ्टी सिस्टम है, लेकिन जहां पर ये लगे हैं, वहां ताला लगा हुआ था।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष का मोबाइल हैक

### वाट्सऐप से परिचितों से मांगे 50 से 55 हजार रुपए

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का मोबाइल हैक हो गया। उनके वाट्सऐप का इस्तेमाल कर उनके परिचितों से पैसों की डिमांड की जा रही थी। जब उन्हें इसका पता चला तो वे तुरंत क्राइम ब्रांच पहुंचे और मामले की शिकायत की।

हैकर ने उनके वाट्सऐप से ही उनके परिचितों को मैसेज कर दिए कि उन्हें पैसों की जरूरत है इसलिए वे पैसे भेजे। हैकर ने 50 से 55 हजार रुपए तक की डिमांड कर दी। चिंटू चौकसे ने बताया कि वे मंगलवार को अपने वार्ड में थे और काम कर रहे थे।

इस दौरान उन्हें एक कॉल आया और सामने वाले ने कहा कि उनका पार्सल आया है, लेकिन पार्सल वाले को एड्रेस (लोकेशन) नहीं मिल रहा है आप इस नंबर पर कॉल करके लोकेशन बता दो। पहले तो चिंटू चौकसे को भी आश्चर्य हुआ, क्योंकि उन्होंने कोई ऑर्डर नहीं किया था, फिर उन्हें लगा कि कोई टी-शर्ट का एक्सचेंज होगा, हो सकता है उसे एड्रेस नहीं मिल रहा है। इस पर चिंटू ने संबंधित द्वारा दिए नंबर पर दो से तीन बार कॉल कर दिया, लेकिन उसका फोन नहीं लगा। फोन नहीं लगने पर वे भी अपने काम में लग गए।



## पुलिस ने ईवी अग्निकांड का घर पुगलिया परिवार को सौंपा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

बंगाली चौराहा स्थित ब्रजेश्वरी एनएक्स में हुए भीषण अग्निकांड ने एक परिवार से उनका घर छीन लिया। कारोबारी मनोज पुगलिया के मकान में लगी आग के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह घर रहने लायक नहीं बचा है।

पुलिस ने जला हुआ मकान औपचारिक रूप से परिवार को सौंप तो दिया है, लेकिन दीवारों, पिलरों और छतों में आई दरारें इस बात की गवाही दे रही हैं कि यहां दोबारा बसना फिलहाल संभव नहीं। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि शहरी इलाकों में तेजी से बढ़ रहे ई-व्हीकल उपयोग और उससे जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े करता है। 18 मार्च की रात ई-कार चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट से आग भड़की थी। अब तक की जांच में यही कारण सामने आया है, हालांकि अंतिम पुष्टि एफएसएल रिपोर्ट के बाद होगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्चस्तरीय जांच टीम गठित की गई थी।

## मेट्रो के चल रहे काम के कारण जाम की स्थिति बन रही

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

रोबोट चौराहे पर सोमवार को फिर ट्रैफिक जाम के कारण लोग घंटों परेशान होते रहे। मेन रोड पर मेट्रो का काम चलने से दिक्कत और बढ़ गई। सोमवार शाम को 6 बजे से रात 9 बजे के बीच रोबोट चौराहे से रेडिसन तक करीब 1.2 किलोमीटर का सफर तय करने में 20-25 मिनट लगे। सर्विस रोड पर ड्रेनेज लाइन के लिए खुदाई और सड़क से ऊंचे चैंबरों के कारण भी वाहन चालक परेशान होते रहे। सबसे बड़ी खामी प्लानिंग की है। न तो सर्विस रोड चौड़ी की गई है, न ही गड्ढे भरे गए हैं। जबकि मेट्रो के काम के चलते सर्विस रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। जाम की स्थिति रोज बनती है। नगर निगम अक्सर सड़कों की खराब हालत के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी पर आरोप लगाता रहा है।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com